डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा




वर्ष-12 अंक-13 | प्रयागराज, रविवार 26 मार्च 2023 से शनिवार 01 मार्च 2023 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्य: 3 रूपये

सिनेमाः मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' ने तू झूठी, मैं मक्कार को दी टक्कर, ज्विगाटो' की सर्विस रद्दे पेज.नं0-08

## ब्रीफ न्यूज

### सिख विरोधी दंगों के आरोपी जगदीश टाइटलर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में हुए शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व सांसद और 1984 के सिख विरोधी दंगों के आरोपी जगदीश टाइटलर राज घाट पर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, जहां पार्टी राहुल गांधी की अयोग्यता के खिलाफ 'संकल्प सत्याग्रह' कर रही है। गौरतलब है



कि टाइटलर का नाम फरवरी में भी सुर्खियों में आया था, जब उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ंघ्ण्) के सदस्य के रूप में चुना गया था। कांग्रेस राजघाट के पास संकल्प सत्याग्रह कर रही है। प्रियंका गांधी रविवार को धरने के लिए राजघर पहुंचीं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के कई अन्य नेता भी विरोध में शामिल हुए।जगदीश टाइटलर के राज घाट पर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेता आरपी सिंह ने रविवार को कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। भाजपा नेता आरपी सिंह ने कहा, 'यह स्पष्ट है कि वे (कांग्रेस) किस तरह का सत्याग्रह कर रहे हैं। सिखों के हत्यारे (जगदीश टाइटलर) इस सत्याग्रह में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस टाइटलर के बिना नहीं रह सकती। पार्टी द्वारा उन्हें हर कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाता है।'उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि यह सत्याग्रह है या 'सिखों के हत्यारे को फिर से स्थापित करने' का प्रयास है। कांग्रेस के कई नेता भी विरोध में हुए शामिल कांग्रेस राजघाट पर संकल्प सत्याग्रह कर रही है। प्रियंका गांधी रविवार को धरने के लिए राजघाट पहुंचीं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के कई अन्य नेता भी विरोध में शामिल हुए।बता दें कि राहुल गांधी को शुक्रवार को लोकसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जिसके एक दिन बाद सूरत की एक अदालत ने उन्हें उनकी 'मोदी सरनेम' टिप्पणी पर उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में दो साल कैद की सजा सुनाई थी।

## केन्द्र पर गरजीं प्रियंका गांधी, कहा संसद में हुआ मेरी मां का अपमान शहीद के बेटे को कहा गया मीर जाफर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राजघाट पर राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के विरोध में सत्याग्रह चल रहा है। इस दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने परिवारवाद को लेकर भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने बीजेपी को घेरते हुए कहा कि आप परिवारवाद कहते हैं, तो भगवान राम कौन थे क्या वे परिवारवादी थे क्या पांडव परिवारवादी थे और क्या हमें शर्म आनी चाहिए कि हमारे परिवार के सदस्य इस देश के शहीद हुए हैं। प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, मेरे परिवार ने इस देश के लोकतंत्र को अपने खून से सींचा है। संसद में मेरे शहीद पिता का अपमान संसद में किया जाता है। शहीद के बेटे का अपमान किया जाता है, उन्हें मीर जाफर कहा जाता है। मेरी मां का अपमान किया जाता है। आपके (भाजपा) मंत्री कहते हैं कि इनके पिता कौन हैं आपके प्रधानमंत्री गांधी परिवार के लिए कहते हैं कि ये नेहरू उपनाम का इस्तेमाल क्यों नहीं करते आप पर तो कोई केस नहीं होता, आपकी सदस्यता रद्द नहीं होती। प्रियंका गांधी ने अपने पिता



राजीव गांधी के अंतिम संस्कार का किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा, ठसाल 1991 में मेरे पिता का शव तीन मूर्ति से निकल कर जा रहा था, उस दौरान मैं अपनी मां और भाई के साथ गाड़ी में बैठी थी, क्योंकि सुरक्षा का मुद्दा था। सामने से भारतीय सेना का एक ट्रक फूलो से लदा हुआ आगे बढ़ रहा था, जिसमें मेरे पिता का शव रखा हुआ था। उन्होंने बताया, ठकाफिला कुछ दूर ही गया तभी राहुल कहने लगे कि उनको पैदल इस यात्रा में जाना है, तब मां ने उन्हें रोका क्योंकि सुरक्षा का मामला था, लेकिन वो नहीं माने औक सेना के पीछे चलने लगे थे। कड़ी धूप में भी वो पैदल चलते रहे और 500 गज तक चलने के बाद उनके शहीद पिता का अंतिम संस्कार किया गया था। इस किस्से को सुनाते हुए उन्होंने कहा, ठएक पिता के चले जाने के बाद उनका बेटा ही उनकी पगड़ी पहनता है और परंपरा को आगे बढ़ाता है। ऐसे में आप परिवार वाद बोलकर इसका अपमान करते हैं, लेकिन आप पर कोई मुकदमा दर्ज क्यों नहीं होता है। उन्होंने कहा, अहंकारी, तानाशाह जब जवाब नहीं दे पाते, तो पूरी सत्ता को लेकर जनता को दबाने की कोशिश करते हैं। आपने कभी सोचा है ये पूरी सरकार एक आदमी को बचाने की इतनी कोशिश क्यों कर रही है इस अदाणी में है क्या कि आप इसे देश की सारी संपत्ति दे रहे हैं। ये अडानी है कौन कि इनका नाम सुनते ही आप बौखला जाते हैं।

## कर्नाटक चुनाव से पहलेँ व्झ् की कोशिश, येदियुरप्पा के जरिए लिंगायत वोट बैंक को रिझाने के प्रयास जारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य बी.एस. येदियुरप्पा को विधानसभा चुनावों से पहले उन्हें नई दिल्ली में कोर टीम में शामिल किया है और उनसे कहा है कि वो लिंगायत समुदाय से अपील करे कि वे उन्हें सत्ता से हटाने के लिए भाजपा के प्रति कोई कटु भावना न रखें। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह खुले तौर पर येदियुरप्पा की प्रशंसा की और उनके साथ अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। सूत्रों ने कहा कि भगवा पार्टी समझ गई है कि राज्य में एक और जन नेता बनाने में उनकी पार्टी असमर्थ है। उनका मानना हैं कि येदियुरप्पा को पार्टी द्वारा लगाई गई फटकार ने लिंगायत समुदाय को नाराज कर दिया है। उत्तर कर्नाटक के कुष्टगी से कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक अमरेगौड़ा पाटिल ने मीडिया से कहा कि भाजपा के लिए इस समय खोई हुई जमीन वापस पाना असंभव है। उन्होंने कहा, ठबीजेपी ने येदियुरप्पा को खत्म कर दिया है, उन्होंने बेहद दुख के साथ इस्तीफा दिया था। एक विधायक के रूप में, मैं कह सकता हूं कि बीजेपी में किसी अन्य नेता के साथ ऐसा दुर्व्यवहार नहीं किया गया था।



अब, वे उनके साथ वापस आ गए हैं और दावा कर रहे हैं कि वह उनके नेता हैं। पाटिल ने कहा, ठयेदियुरप्पा को प्रोजेक्ट किए जाने से लिंगायत समुदाय द्वारा भाजपा को वोट देने का कोई सवाल ही नहीं है। वे कैसे मतदान कर सकते हैं? उन्हें रोने के लिए मजबूर किया गया और नीचे उतरने के लिए कहा गया। लोग अतीत को लेकर अब भी गुस्से में हैं।'' राज्य में लिंगायत समुदाय की बड़ी संख्या 80 वर्षीय येदियुरप्पा भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोपी येदियुरप्पा 80 साल की उम्र में भी लिंगायत समुदाय के निर्विवाद नेता हैं। कर्नाटक में भाजपा लिंगायत समुदाय उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जनसंख्या का 17 प्रतिशत है।

## बांग्लादेश के लाखों लोगों को पाक सेना ने उतारा था मौत के घाट, इस दिन को नरसंहार दिवस घोषित करने की मांग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**कोलकाता।** बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त अंदलीब इलियास ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेश संयुक्त राष्ट्र से 25 मार्च को विश्व नरसंहार दिवस घोषित करने की मांग कर रहा है। इंटरनेशनल फोरम फॉर सेक्युलर नरसंहार दिवस के रूप में मान्यता देने का आग्रह किया। पाकिस्तान द्वारा 1971 के नरसंहार के खिलाफ न्याय की मांग करने और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा इसकी मान्यता के लिए यूरोप से कुल 25 बांग्लादेशी प्रवासी संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के सामने एकत्र



बांग्लादेश स्विट्जरलैंड चैप्टर ने शनिवार को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र भवन के सामने ब्रोकन चेयर चौक पर प्रदर्शन किया और 1971 में पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए बांग्लादेश नरसंहार को मान्यता देने की मांग की। नरसंहार दिवस के रूप में मान्यता देने का किया आग्रह बांग्लादेश के सभी यूरोपीय स्वतंत्रता सेनानी संगसाद के नेताओं, स्विट्जरलैंड के अवामी लीग के सदस्यों और अन्य अंतर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठनों ने भी विरोध में भाग लिया। बांग्लादेश स्वतंत्रता सेनानी तजुल इस्लाम ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से 25 मार्च को बांग्लादेश हुए। आईएफएसबी, स्विट्जरलैंड चैप्टर के अध्यक्ष खलीलुर रहमान ने कहा कि बांग्लादेश में बीएनपी और जमात आतंकवादी हैं। फ्रैंकफर्ट के एक अन्य बांग्लादेशी स्वतंत्रता सेनानी अमीनुल रहमान खुसरो ने भी नरसंहार के लिए पाकिस्तानी सेना की निंदा की। आपको बता दें कि 25 मार्च, 1971 की रात को पाकिस्तानी सेना द्वारा नागरिकों पर किए गए अत्याचारों के खिलाफ 2017 से बांग्लादेश में 'नरसंहार दिवस' मनाया जाता है, जब इसने बंगाली राष्ट्रवादी आंदोलन को कुचलने के लिए ढाका में 'ऑपरेशन सर्चलाइट' शुरू किया था।

## हैदराबाद में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने की आत्महत्या, डिप्रेशन के चलते उठाया खौफनाक कदम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**हैदराबाद (तेलंगाना)।** हैदराबाद के कुशाईगुड़ा इलाके में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार, परिवार के चारों लोगों का शव अपार्टमेंट में मिला है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि ही परिवार के चार सदस्यों ने अपने अपार्टमेंट में कथित तौर पर जहर खाकर आत्महत्या की है। मृतकों की पहचान सतीश, उनकी पत्नी वेधा और उनके दो बच्चों निशिकेश (9) और निहाल (5) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने कहा कि संदेह है कि यह घटना शुक्रवार रात को हुई, लेकिन पुलिस को शनिवार दोपहर में इसकी सूचना मिली। जिसके बाद सभी के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुशाईगुड़ा पुलिस स्टेशन के थानाध्यक्ष पी वेंकटेश्वरलू ने कहा कि कंडीगुडा क्षेत्र में एक पिता, मां और उनके दो बच्चों ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि दोनों बच्चे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं (मानसिक रूप से अस्वस्थ) से पीड़ित थे। इलाज के



बावजूद बच्चे ठीक नहीं हो रहे थे। माता-पिता डिप्रेशन में चले गए, जिसके बाद परिवार ने आत्महत्या कर ली। संदेह है कि उनकी शुक्रवार रात मृत्यु हो गई थी, लेकिन पुलिस को शनिवार दोपहर 2 बजे के करीब सूचना मिली। थानाध्यक्ष पी वेंकटेश्वरलू ने बताया कि मृतकों के शवों को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। उन्होंने कहा पोस्टमार्टम अभी तक नहीं किया गया है। मृतक शवों को मोर्चरी में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## आंध्र प्रदेश में टीडीपी की होती दिख रही है वापसी, बदल रहे राज्य के राजनीतिक समीकरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव को एक साल होने को है और राज्य के राजनीतिक समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। 2019 के चुनावों में अपमानजनक हार और तब से हर चुनाव में हार के बाद, तेलुगु देशम पार्टी वापसी की राह पर है। की चार परिषद सीटों पर जीत से राज्य में सत्ता का समीकरण नहीं बदला है, लेकिन इसने निश्चित रूप से विपक्षी दल के गिरते मनोबल को बढ़ाया है। जबकि ने स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से तीन परिषद सीटों पर जीत हासिल की है, यह दिखाता है कि पार्टी ने मतदाताओं के बीच खोई हुई जमीन को फिर से हासिल कर लिया है, विधायक कोटे से सात परिषद सीटों में से एक में वाईएसआरसीपी की चौंकाने वाली हार जगन मोहन रेड्डी की विपरीत पकड़ के बावजूद दिखती है। वहीं, सत्ता पक्ष कमजोर नजर आ रहा है। के चार विधायकों द्वारा क्रॉस-वोटिंग, जिसने ऊअझ् उम्मीदवार को सीट जीतने में मदद की, ने सत्तारूढ़ पार्टी में पड़ी दरारों को उजागर कर दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि बैक टू बैक जीत के साथ, टीडीपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने एक संदेश भेजा है।टीडीपी, जो 175 सदस्यीय विधानसभा में 19 विधायकों के साथ रह गई थी, उसके चार विधायकों के भ्ध्ंण्झ् में जाने के बाद, सीट जीतने के लिए आवश्यक संख्या (22) नहीं थी, जबकि टीडीपी के चार बागियों और टीडीपी के अकेले विधायक के समर्थन से जन सेना पार्टी को सभी 7 सीटों पर जीत का भरोसा था। जगन मोहन रेड्डी ने के सत्ता में आने के बाद कहा था कि भगवान ने चंद्रबाबू नायडू को उनके कुकर्मों की सजा दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि नायडू ने 2014 के चुनाव के बाद के 23 विधायक खरीदे थे। जगन ने कहा कि अब टीडीपी को केवल 23 सीटें मिली हैं और नतीजे भी 23 मई को आए। भगवान ने 23 के साथ एक सुंदर पटकथा लिखी है।जगन ने यह भी कहा था कि नायडू ने वाईएसआरसीपी के तीन सांसदों को अवैध रूप से छीन लिया और अब उनकी पार्टी को केवल तीन लोकसभा सीटें मिलीं। टीडीपी के लिए मनोबल बढ़ाने वाली जीत पार्टी की स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से तीन परिषद सीटों पर जीत के करीब आई।



## कर्नाटक में धर्म के आधार पर नहीं मिलेगा आरक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में अब धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं मिलेगा। कर्नाटक सरकार ने धार्मिक आधार पर अल्पसंख्यक मुसलमानों को दिए जाने वाले चार प्रतिशत आरक्षण को हटाने का फैसला लिया है। मुस्लिमों को अन्य पिछड़ा वर्ग की 2बी श्रेणी के तहत आरक्षण मिल रहा था। कैबिनेट ने धार्मिक अल्पसंख्यकों को आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की श्रेणी में लाने का फैसला किया है। मुस्लिम नेताओं ने आरक्षण खत्म करने के लिए कर्नाटक सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि इस फैसले को कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। ओबीसी के तहत 2बी श्रेणी में मुसलमानों को दिए जाने वाले चार प्रतिशत आरक्षण को अब दो बराबर हिस्सा में बांटा जा रहा है। यह आरक्षण कर्नाटक के प्रभुत्व वाले समुदाय वोकालिग्गा और लिंगायतों को दो-दो प्रतिशत कोटा दिया जा रहा है। इन दोनों समुदायों के लिए यह आरक्षण 2सी और 2डी श्रेणियों के तहत दिया जा रहा है। भाजपा सरकार ने



यह फैसला कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए लिया है। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने संवाददाताओं को बताया कि धार्मिक कोटा पूरी तरह से खत्म किया जा रहा है और इसकी जगह मुसलमानों को बिना किसी शर्त के दस प्रतिशत आरक्षण वाली ईडब्ल्यूएस श्रेणी में रखा जा रहा है।

## कर्नाटक में बरसे पीएम मोदी, बोले- गरीब और ग्रामीण युवाओं को चिकित्सक व इंजीनियर बनते नहीं देखना चाहते विपक्षी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**चिक्कबल्लापुर।** शनिवार को कर्नाटक दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय भाषाओं को समर्थन नहीं देने पर शनिवार को विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया। वोट-बैंक की खातिर भाषाओं को लेकर खेल खेला। उन्होंने स्थानीय भाषाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कभी आवश्यक कदम नहीं उठाए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- 'कन्नड़ एक समृद्ध भाषा है। यह एक ऐसी भाषा है जो देश के



उन्होंने कहा कि ये दल गांवों, गरीबों और पिछड़े वर्ग के लोगों के बच्चों को चिकित्सक या इंजीनियर बनते हुए नहीं देखना चाहते। गरीबों के कल्याण के लिए काम करने वाली हमारी सरकार ने कन्नड़ समेत भारतीय भाषाओं में मेडिकल शिक्षा का विकल्प दिया है प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को यहां श्री मधुसूदन साई इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ विपक्षी दलों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ और गौरव को बढ़ाती है। इससे पहले सरकारों ने मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी की कन्नड़ में शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में कदम नहीं उठाए। मोदी ने मेडिकल के पेशे में शामिल होने में ग्रामीण एवं गरीब परिवारों के युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसी चीज को समझते हुए भाजपा सरकार ने मेडिकल की पढ़ाई में कन्नड़ समेत भारतीय भाषाओं में पढ़ाई का विकल्प मुहैया कराया। इस दौरान पीएम ने 4,249 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुई 13.71 किलोमीटर लंबी व्हाइटफील्ड काडुगोडी-टू-कृष्णराजपुरम मेट्रो लाइन का भी उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने दावणगेरे में विजया संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक के लोगों ने राज्य में डबल इंजन सरकार को फिर दोबारा लाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य में भाजपा सरकार होने से राज्य विकास पथ पर अग्रसर है। जनसभा से पहले मोदी ने रोड शो भी किया। इसमें भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। बता दें कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने संभावित हैं। उन्होंने जनता से सवाल किया कि क्या हम झूठे वादे करने वाली कांग्रेस पर भरोसा कर सकते हैं? क्या उन्हें कर्नाटक के अंदर एक कदम रखने की अनुमति दी जानी चाहिए या उन्हें बाहर निकाल दिया जाना चाहिए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के पास देश या कर्नाटक के लिए कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी सार्वजनिक रूप से कहती है कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी, लेकिन वे नहीं जानते कि कर्नाटक के लोग कह रहे हैं कि 'मोदी तेरा कमल खिलेगा'। मोदी ने लोगों से राज्य में स्थिर सरकार के लिए भाजपा को पूर्ण बहुमत देने का आह्वान किया।

### कांग्रेस का संकल्प सत्याग्रह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के विरोध में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता रविवार को महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के सामने एक दिवसीय सत्याग्रह कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मौके पर कहा कि राहुल गांधी ने एक भाषण दिया जिसके चलते उन्हें सजा हुई लेकिन मोदी जी ने तो न जाने कितने भाषण गांधी परिवार और कांग्रेस के खिलाफ दिए उनपर तो कब का मानहानि का केस लगाकर शिक्षा देनी चाहिए थी। उन्होंने आगे कहा 'नीरव मोदी, मेहुल चोक्सी, ललित मोदी ध्ँण् हैं? ये तो देश का पैसा लूट कर भाग गए। अगर ये भगोड़े हैं और राहुल गांधी ने भगोड़ो को लेकर बोला तो फिर आपको दर्द क्यों हुआ वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरे शहीद पिता का अपमान संसद में किया जाता है। शहीद के बेटे का अपमान किया जाता है उन्हें मीर जाफर कहा जाता है। मेरी मां का अपमान किया जाता है। आपके मंत्री कहते हैं कि इनके पिता कौन हैं।

## मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में अफस्पा का दायरा कम करने का लिया निर्णयः अमित शाह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने एक बार फिर नगालैंड, असम और मणिपुर में सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम या अफस्पा के तहत घोषित 'अशांत क्षेत्रों' को कम करने का निर्णय लिया है। शाह ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि यह फैसला पूर्वोत्तर भारत में सुरक्षा स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार को देखते हुए किया गया है। गृह मंत्री ने कहा, पूर्वोत्तर के लिए एक ऐतिहासिक दिन। मोदी सरकार ने एक बार फिर नगालैंड, असम और मणिपुर में 'अशांत क्षेत्रों' को कम करने का फैसला किया है। यह निर्णय सुरक्षा स्थिति में सुधार के चलते लिया गया है। शाह ने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर में सुरक्षा, शांति और विकास को प्राथमिकता दी। इसके परिणामस्वरूप यह क्षेत्र अब शांति और विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। शाह ने पूर्वोत्तर के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और इस क्षेत्र को 'शेष भारत के दिलों' से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। शाह ने कहा, इस महत्वपूर्ण अवसर पर पूर्वोत्तर के हमारे बहनों और भाइयों को बधाई।अफस्पा अशांत क्षेत्रों में काम करने वाले सशस्त्र बलों के कर्मियों को तलाशी लेने, गिरफ्तार करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक समझे जाने पर गोली चलाने का व्यापक अधिकार देता है। सशस्त्र बलों के अभियान को सुविधाजनक बनाने के लिए किसी क्षेत्र या जिले को अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्र घोषित किया जाता है। असम में अशांत क्षेत्र की अधिसूचना 1990 से लागू है। अधिकारियों ने बताया कि मोदी सरकार के दौरान सुरक्षा की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आने के कारण राज्य के सिर्फ नौ जिलों और एक सब डिविजन में इस समय अफस्पा लागू है।



# करछना इलाके में एक ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** करछना इलाके में एक ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। यहां रहने वाले एक शख्स की बेटी अपने प्रेमी के साथ मुंबई भाग गई थी। परिवार वालों ने किसी तरह बेटी को वापस घर लाया। इसके बाद पिता ने 19 वर्षीय बड़ी बेटी की गला घोट कर हत्या कर दी। शव को गांव में ही दफना दिया गया। ग्रामीणों से घटना का पता चला तो खलबली मच गई। पुलिस ने पिता सहित अन्य लोगों को उठाकर पूछताछ की तो ऑनर किलिंग की बात सच निकली। युवती की लाश को कब्र से बाहर निकलवाया जा रहा है। उसके बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम वासियों के लिए भारी दिक्कत बनी रेलवे ट्रैक मे खड़ी ट्रेने आधुनिक समाचार सेवा बारा से खास रिपोर्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** भैरों पाल का पूरा ग्राम सभा पांडर जो कि रेलवे लाइन के पार बसा हुआ है, ग्रामवासी रेलवे लाइन पार करके गांव आते-जाते हैं। और गांव में फाटक भी नही बना हुआ है । पहले यहां रेलवे की 2 लाइने है ।अपने नाजुक कंधो पर बैग लिए वे कितनी मुश्किलों से जाते हैं। रोजाना 40-50 बच्चे ट्रेन के नीचे से स्कूल आते जाते हैं। हालांकि कुछ अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल जाते समय ट्रेन के नीचे से घुसकर जाने में मदद करते हैं और जिनके अभिभावक घर



बिछी थी लेकिन कुछ महीनों से यहां एक और पटरी बिछ गई है जिसपर सारा दिन जेर्सैहाहू ट्रेन खड़ी रहती है। जितने दूर तक गांव बसा हुआ है उससे अधिक दूरी तक यहां ट्रेन खड़ी रहती है, जिससे गांव वालों को बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। आने जाने के सभी रास्ते बंद हो गए हैं। सबसे अधिक परेशानी तो स्कूल जाने वाले छोटे छोटे बच्चों को होती है जो प्राइमरी में पढ़ते हैं उनको ट्रेन के नीचे से घुस कर जाना पड़ता पर नहीं हैं काम से गए हैं या कहीं व्यस्त हैं उनके बच्चे स्कूल नहीं जा पाते । और इन सब के बीच ये डर बना रहता है कि ट्रेन कहीं चल न दे । किसी भी समय यहां भारी दुर्घटना हो सकती है। क्या रेलवे अधिकारियों को यह नही मालूम था कि यहां लोग रहते हैं और उन्हें कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा ।। गांव आने जाने के केवल 2 रास्ते हैं। न ग्राम प्रधान इसको बनवा रहे हैं न ही कोई अधिकारी सुन रहे हैं ।

# थाना कीडगंज पुलिस द्वारा 01 वारण्टी गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** थाना कीडगंज पुलिस द्वारा आज दिनांक 25.03.2023 को वारंटी जगदीश प्रसाद केशरवानी पुत्र केदारनाथ केशरवानी नि0 म0नं0 160 मोहल्ला बाई का बाग थाना कीडगंज प्रयागराज को माननीय न्यायालय एसीजेएम 05 इलाहाबाद के परिवाद संख्या 731/2012 धारा 138 [illegible] थाना कर्नलगंज प्रयागराज तारीख पेशी 07.04.2023 में रामबाग चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्त/ वारण्टी-** जगदीश प्रसाद केशरवानी पुत्र केदारनाथ केशरवानी नि0 म0नं0 160 मोहल्ला बाई का बाग थाना कीडगंज, प्रयागराज । **परिवाद** 1. परिवाद संख्या 731/2012 धारा



138 [illegible] थाना कर्नलगंज प्रयागराज तारीख पेशी 07.04.2023 माननीय न्यायालय एसीजेएम 05 इलाहाबाद **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** 1. उ0नि0 दीनदयाल प्रभारी चौकी जीवन ज्योति थाना कीडगंज, कमिश्नरेट प्रयागराज । 2. का0 अनिकेत सिंह थाना कीडगंज, कमिश्नरेट प्रयागराज ।

# थाना हण्डिया पुलिस द्वारा वांछित 01अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।**थाना हण्डिया में पंजीकृत मु0अ0सं0 38/2019 धारा 409 भा0द0सं0 में वांछित अभियुक्त ज्ञानबाबू केसरी उर्फ सोहन पुत्र स्व0 अमृतलाल निवासी खेरुआ नेवादा थाना हण्डिया प्रयागराज को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत सैदाबाद टैक्सी स्टेण्ड के पास से आज दिनांक 25.03.2023 को गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्त** ज्ञानबाबू केसरी उर्फ सोहन पुत्र स्व0 अमृतलाल निवासी खेरुआ नेवादा थाना हण्डिया, प्रयागराज, उम्र करीब 61 वर्ष **अभियोग का विवरणः** मु0अ0सं0 38/2019 धारा 409 भा0द0सं0 थाना हण्डिया, कमिश्नरेट प्रयागराज। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम 1. उ0नि0 भूपेन्द्र प्रताप सिंह चौहान थाना हण्डिया, कमिश्नरेट प्रयागराज 2. का0 अनुज कुमार थाना हण्डिया, कमिश्नरेट प्रयागराज।

# माफिया अतीक अहमद का जिस जमीन पर था कब्जा, वहां बनकर तैयार हुए गरीबों के 72 फ्लैट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस शूटरों को पकड़ने के लिए पश्चिम बंगाल से महाराष्ट्र तक ताबड़तोड़ दबिश दे रही है।वहीं दूसरी ओर पूर्व सांसद माफिया अतीक अहमद और उनके करीबियों के साम्राज्य पर बुलडोजर भी गरज रहा है।योगी सरकार ने माफियाओं के चंगुल से मुक्त कराई गई जमीन पर गरीबों के लिए आवास की शुरुआत की थी।अब वो आवास बनकर तैयार है।जिस जमीन पर कभी माफिया का बोलबाला था, जिसके सामने से गुजरने में आम आदमी डरता था।अब उसी जमीन पर बने प्रधानमंत्री आवास में लोग रहेंगे। खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के लूकरगंज इलाके बने यह फ्लैट किसी बिल्डर के नहीं बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने बनवाए है।यह जमीन माफिया अतीक अहमद की है।सितंबर 2020 से पहले इस जमीन पर अतीक ने कब्जा कर रखा था।प्रदेश में सरकार बदली, हवा बदली,माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई का दौर शुरू हुआ तो इस जमीन से अतीक का कब्जा भी हटवा दिया गया।बुलडोजर से अतीक के बनाए गए 15000 स्क्वायर फीट के इस जगह के निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया।योगी सरकार ने इस जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए आवास देने की घोषणा की थी।दिसंबर 2020 को गरीबों के लिए आवास का भूमि पूजन हुआ और अब यहां आवास बनकर तैयार है।अभी फिनिशिंग का काम चल रहा है माफिया अतीक अहमद के लूकरगंज इलाके में स्थित इस अवैध कब्जे पर उसके गुर्गे रहा करते थे।अतीक के चुनावी प्रचार की सामग्री भी यही से लोगों में बटवाई जाती थी।इस बात की पुष्टि आवास बनने के बाद भी मलबे से निकल रहे सपा के झंडे कर रहे हैं। 15000 स्क्वायर फीट में 4 टॉवर में 76 फ्लैट बनाए गए हैं।लगभग 300 स्क्वायर फीट में बने एक फ्लैट में एक कमरा, किचन, बाथरूम के साथ एक बेडरूम और बालकनी भी दी गई है।मार्च आखिरी में निर्माण कार्य को पूरा होना है।इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को यहां के फ्लैट की चाबी सौंपेंगे।एक फ्लैट की कीमत 7.5 लाख रखी गई है,जिसमें से 3.5 लाख की सब्सिडी दी जाएगी। फ्लैट अवंटी को मात्र 4 लाख रुपए किस्तों में जमा करनी होगी।



# पुलिस फोर्स न मिलने से तीसरे दिन टला ध्वस्तीकरण



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उमेशउपाल हत्याकांड के बाद माफियाओं की अवैध प्लॉटिंग के ध्वस्तीकरण पर फिलहाल ग्रहण लग गया है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने शहर पश्चिमी के बक्शी मोढ़ा दामूपुर, सैदपुर, बीरमपुर, लखनपुर, रावतपुर आदि इलाकों में अवैध प्लॉटिंग पर बनी दीवारों को तोड़ने की योजना तैयार की थी। ध्वस्तीकरण के लिए माफिया अतीक अहमद के रिश्तेदार और करीबियों के प्लॉटों पर ध्वस्तीकरण होना था। पीडीए ने गुरुवार को दामूपुर में अतीक अहमद के साढ़ू की अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई की। पीडीए का दस्ता शुक्रवार को भी क्षेत्र में ध्वस्तीकरण के लिए पहुंचा मगर अपरिहार्य कारणों से ध्वस्तीकरण नहीं कर पाया। अब कहा जा रहा है कि नवरात्र में फोर्स नहीं मिलने के चलते कार्रवाई रोकी गई है। इसी वजह से शनिवार को भी ध्वस्तीकरण शुरू नहीं हो सका।

# फाफामऊ में मालगाड़ी दो हिस्से में बंट गई



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में आने वाले अटरामपुर रेलवे स्टेशन के पास फाफामऊ ऊंचाहार सेक्शन के बीच शनिवार सुबह मालगाड़ी दो हिस्से में बंट गई। इससे खलबली मच गई। मालगाड़ी का इंजन कुछ वैगन को लेकर आगे बढ गया जबकि आधा हिस्सा पीछे रह गया। गार्ड की सूचना पर मालगाड़ी को कुछ दूरी पर रोका गया। मालगाड़ी जोड़ने का कार्य जारी है। गनीमत इतनी ही रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

# यूथ लीडर प्रमोद भारतीय ने कई ठेलो को टूटने से बचाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** दिनांक 25 मार्च 2023 को नगर निगम जेसीबी लगा ठेला उठा व तोड़ने की सूचना पर आजाद हॉकर स्ट्रीट वेंडर युनियन के प्रदेश युथ अध्यक्ष एडवोकेट प्रमोद कुमार भारतीया को खबर लगी की कटरा कचहरी रोड पर नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे फूटपाथ पर रोजीरोटी करने वालों को बहुत दिक्कतें हो रहीं थी,और उस पर से पुलिस बल के लोग फूटपाथतियों को धमका कर उन्हें उनके गोमतियों को तोड़ने का आदेश दे रहे थे तथा कुछ दुकानों को बुलडोजर से धवस्त भी कर दिया था, यह देख युथ लीडर प्रमोद कुमार भारतीया ने नगर निगम के अधिकारियों से वार्ता की स्ट्रीट वेन्डर एक्ट 2014 के अनुसार फुटपाथ दुकानदारो को तब तक नहीं हटाया/ तोड़ा जा सक्ता जब तक इन्हें वेन्डर जोन में बसाया नहीं जाता। काफी गहमागहमी के बाद नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी ओंधै मुंह वापस चले गए,उस समय उपस्थित फूटपाथ दुकानदारों ने युथ लीडर की जमकर तरीफ की तथा कहा कि आप मौके पर ना आते तो शायद आज हम सब बर्बाद हो जाते, इसके बाद प्रदेश युथ लीडर प्रमोद कुमार भारतीया ने यूनियन के प्रदेश महामन्त्री रविशंकर द्विवेदी और श्याम सूरत पाण्डेय को फोन के माध्यम से पूरी जानकारी दी,प्रदेश महामन्त्री सोमवार को इस सन्दर्भ में नगर आयुक्त से मिलकर अतिक्रमण अभियान किसके कहने पर चलाया जा रहा बिना टाऊन वेडिगं कमेटी को सूचना व दुकानदारो को नोटिस के बिना अतिक्रमण नहीं चला सक्ते । युथ लीडर की खूब प्रशंसा की।



# जिलाधिकारी ने प्रधान नीतेश सिंह बीरू का किया सम्मान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।**विकास खण्ड लक्ष्मणपुर के हन्डौर ग्राम के प्रधान नीतेश सिंह बीरू का जिलाधिकारी डॉ0नितिन बंसल ने सम्मान किया। जनपद में शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को त्वरित गति से करने हेतु जिलाधिकारी ने नीतेश सिंह बीरू का राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में सम्मान किया।नीतेश सिंह बीरू अपनी ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को नया आयाम दे रहे हैं।तालाब सौंदर्यीकरण, स्वच्छता अभियान,नालियों के निर्माण,पेयजल सुविधा में अपना योगदान देने के साथ,स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करना, संकट के समय कमजोर और गरीबों की सहायता करना उनके प्रमुख कार्य रहे हैं।इन्हीं कार्यों के चलते उनका जिला अधिकारी के द्वारा सम्मान किया गया जिससे ग्रामीणों में हर्ष है।





# योगी सरकार ने अपने एक वर्षीय दूसरे टर्म के कार्यकाल और बीते पाँच वर्ष के विकास कार्यों का लेखा जोखा जनता के सामने रखा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** आप सभी का इस अवसर पर संवाद कार्यक्रम मे स्वागत हमारी सरकार को आज दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर प्रधानमंत्री जी जिनकी प्रेरणा मार्गदर्शन हमारा संबल है,उनके मार्गदर्शन मे उत्तरप्रदेश ने देश दुनिया मे नई पहचान बनाई है उनका आभार प्रकट करता हूँ सभी केंद्रीय मंत्रिमंडल का आभार जिनका सहयोग पिछले छ वर्षो मे हमेशा सहयोग मिलाकेंद्रीय संगठन,राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का आभार...सभी का हृदय से अभिनंदन... डबल इंजन की सरकार के कार्यो को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करने वाले सगठन का आभार धन्यवाद.. इस अवसर पर आप सभी का विशेष हृदय से आभार,आप सभी ने सकारात्मक भाव से कार्य किया छ वर्ष पहले उत्तरप्रदेश क्या था,छ वर्ष का बदलाव उत्तरप्रदेश की नई गाथा कहता है पूर्ण बहुमत की सरकार का मतलब क्या होता है ये भाजपा सरकार ने प्राप्त किया पिछले छ वर्ष मे जो कार्ययोजना बनाई थी उसे पूर्ण रूप से लागू किया हमने दस सेक्टर चिन्हित किये,धर्म जाति मजहब की राजनीति से अलग हटकर इसे आगे बढ़ाया... इस सेक्टर मे हमारी पुरी टीम ने कार्य किया,इन छ वर्ष मे तीन वर्ष कोरोना संकट मे चले गये जिस उत्तरप्रदेश के बारे मे अलग राय रखी जाती थी वो प्रदेश आज केंद्र की 44 योजनाओ मे नंबर एक है छ वर्ष मे प्रदेश दंगामुक्त हुआ,बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ, युवाओ के लिए सरकारी नौकरी मे पारदर्शिता लाई गई डबल इंजन की सरकार के प्रयास आप सबके सामने है एक करोड़ वृद्धवस्था पेंशन 12 हजार रु सालाना मिल रहा है बेटी विवाह योग्य होने पर चिंता होती थी,आज मुख्यमंत्री विवाह योजना है सवा दो लाख विवाह सम्पन्न हुए महिला सशक्तिकरण स्ववलंबन की ओर प्रदेश अग्रसर है,युवाओ के स्वावलंबन की ओर कार्य हो रहे हैं एम एस एम ई मे उत्तरप्रदेश देश नहीं दुनिया मे धूम मचा रहा है, विश्वकर्मा श्रम योजना से कारीगरो को सम्मान मिल रहा है स्मार्टफोन टैबलेट से दो करोड़ युवा लाभान्वित हुए हर जनपद के युवाओं को सरकारी नौकरी मे स्थान मिल रहा है निवेश मे हर जनपद को स्थान मिला।





# श्री अन्न खाद्य महोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों किया गया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** राजकीय इण्टर कालेज के परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के अन्तर्गत दिनांक 24 मार्च से 26 मार्च तक चलने वाले तीन दिवसीय श्री अन्न खाद्य महोत्सव कार्यक्रम में दूसरे दिन सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल,भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र,जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया की उपस्थिति में बेटियों के जन्मोत्सव पर केक काटा गया एवं बेटियों को डेरी मिल्क का वितरण किया गया तथा सम्बन्धित अतिथियों ने बेटियों को केक भी खिलाया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था/दिव्यांगजन पेंशन योजना के 10 नये लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण, एक जनपद एक उत्पाद योजना के 06 लाभार्थियों को टूलकिट वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 15 लाभार्थियों को चाभी/स्वीकृति पत्र का वितरण, इण्टरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के तहत 08 कृषकों को प्रमाण पत्र, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत 06 प्रधानों को सम्मानित किया गया, स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत प्रताप बहादुर पीजी कालेज एवं हेमवती नन्दन पीजी कालेज 22 छात्र/छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इसी प्रकार सांसद एवं विधायकगण द्वारा 05 बच्चों का अन्न प्राशन, 05 महिलाओं की गोदभराई की गयी। श्री अन्न खाद्य महोत्सव कार्यक्रम में राजकीय इण्टर कालेज के परिसर में विभिन्न विभागों क्रमशः स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायती राज विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, सिंचाई विभाग, जिला मिशन प्रबन्धन इकाई सहित अन्य स्टालों का अवलोकन सांसद, विधायकगण, जिलाधिकारी,भाजपा जिलाध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) एवं जनसामान्य द्वारा किया गया। इसी प्रकार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा लगाये गये सेल्फी प्वाइन्ट पर सांसद संगम लाल गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, जिला सूचना अधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित जनसामान्य ने फोटो भी खिचवायी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आर0सी0 शर्मा, उप कृषि निदेशक डा0 रघुराज सिंह, जिला कृषि अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह, भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र 'सेनानी', भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल सहित पार्टी पदाधिकारी व प्रतिनिधि एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। महोत्सव में जादूगर राजेश श्रीवास्तव द्वारा कृषि पर आधारित जादू प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0अनीस ने किया।शासन के निर्देशानुसार राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में श्री अन्न खाद्य महोत्सव के अन्तर्गत आज सायं नेहरू युवा केन्द्र द्वारा दर्शकों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र के विराट एवं साथी, शनि कुमार एवं साथी, अरसद एवं साथी तथा रविशंकर मिश्रा द्वारा मनोहारी एवं ज्ञानवर्धक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति गीत एवं नृत्य के माध्यम से दी गयी।नेहरू युवा केन्द्र के उप निदेशक समर बहादुर सिंह, राजकीय इण्टर कालेज बरदहा के प्राचार्य विन्ध्याचल सिंह,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका राम अचल कुरील, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार राय, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य,मुख्य सफाई निरीक्षक नगर पालिका एस0के0 सिंह, पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0 सिंह, नेहरू युवा केन्द्र के लेखाकार विनय कुमार मिश्र, प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।



# सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत मिशन शक्ति अभियान में महिला सुरक्षा/वीमेन पावर लाइन-1090 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सुल्तानपुर।** सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत मिशन शक्ति अभियान में महिला सुरक्षा/वीमेन पावर लाइन-1090 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0, लखनऊ मुख्यालय द्वारा जन-जागरूकता संबंधी विविध कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। जिसके अन्तर्गत वीमेन पावर लाइन-1090 के शुभंकर (डेंबवज) के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक जनपद में प्रचार-प्रसार किया जाना भी सम्मिलित है, जो जोनवार जनपदों में जाकर यह कार्य सम्पादित करेंगे। इस प्रदेशव्यापी जन-जागरूकता कार्यक्रम का प्रारम्भ दिनांक-16.03.2023 से कमिश्नरेट लखनऊ से किया जा चुका है, जिस हेतु महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा 06 सदस्य टीम 11 दिवस हेतु कमिश्नरेट लखनऊ/जोन लखनऊ को भेजी गयी हैं। प्रत्येक टीम में एक अदद टाटा विंगर वाहन, 06 सदस्यीय टीम (पुलिस व प्रचार-प्रसार हेतु कलाकार) तथा तैयार कराया गया वीमेन पावर लाइन-1090 का शुभंकर (डेंबवज) सम्मिलित है। इस शुभंकर टीम द्वारा कमिश्नरेट लखनऊ/लखनऊ जोन के सभी जनपदों के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए प्रत्येक दिन 05 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर 1090 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा।आज दिनांक 25.03.2023 को जनपद सुल्तानपुर में कार्यक्रम शुभारंभ होकर श्री हनुमंत इण्टर कॉलेज थाना धम्मौर, विद्या मंदिर विवेकानंदनगर शास्त्रीनगर थाना कोतवाली नगर, एकेडमी थाना कुड़वार, राजर्षि बालिका इण्टर कॉलेज उत्तरी थाना कोतवाली देहात, चौकिया इण्टर कॉलेज थाना लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर में मय शुभंकर वाहन के 06 सदस्यीय टीम (पुलिस व प्रचार-प्रसार हेतु कलाकार) द्वारा जन-जागरूकता संबंधी विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हजारों छात्र/छात्राओं/महिलाओं/राहगीरों की सहभागिता रही।




# अभी रौशन हुआ जाता है रास्ता वह देखो एक औरत आ रही है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** जी हाँ बिना औरत हमारी ज़िंदगी मुकम्मल ही नहीं हो सकती और यही बात बार-बार अपने दम पर साबित करती आ रही हैं इस देश और दुनिया की वो औरतें जिन्होंने हमेशा से बेबस और बेसहारा शब्दों को दरकिनार कर अपनी अलग पहचान बनाई है. प्रयागराज उत्तर प्रदेश में 19 मार्च दिन इतवार को कुछ ऐसी ही बेजोड़ औरतों को शहर की प्रतिष्ठित संस्था फीयरलेस एंड फ्लौलेस ने 15 महिलाओं को सम्मानित कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया. इस कार्यक्रम को नाम दिया गया वुमन ऑफ सब्सटेंस अवार्ड 2023 उक्त कार्यक्रम शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में किया गया जहां मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमती सावित्री चौहान ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति में 7 वर्षीय वैष्णवी चावला ने ठना कजरे की धारठ



गीत को बिल्कुल अलग ढंग से पेश किया और दर्शकों का मन मोह लिया संस्था की संस्थापिका श्रीमती असरा नवाज़ ने विभिन्न क्षेत्रों से सम्मानित की गई उन 15 महिलाओं को धन्यवाद दिया जिन्होंने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और जिनके दम से प्रयागराज अपना सर घर से उठा सकता है सम्मानित की गई महिलाओं के नामों में श्रीमती रंजना गुलाटी, पद्मश्री डॉ राज बवेजा, आयुर्वेद रत्न डॉ सरोज धींगरा, श्रीमती अनु अग्रवाल, श्रीमती हिना खान, श्रीमती अवंतिका टंडन, श्रीमती पल्लवी अरोड़ा (सचिव जिला महिला व्यापार मंडल), श्रीमती पूनम रे (पूर्व अध्यक्ष रोटरी प्रयागराज), श्रीमती अर्चना तुलसियानी , खानम आर्ट गैलरी की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर ज़ाहिदा खा़नम, जहान किचन की संस्थापिका श्रीमती जहान हुसैन, रक्षा संस्था से सुश्री वंशिका गुप्ता, दंत चिकित्सक डॉक्टर हुमा आतिफ और श्रीमती ताहिरा काज़मी (अधिवक्ता - इलाहाबाद हाईकोर्ट) रहे।

100% Placement

सीधे प्रवेश

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

15% Fee Concession

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्टिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873

➪ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# फरियादियों की शिकायतों का करें त्वरित निस्तारण मुख्य विकास अधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में तहसील पट्टी में आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुये कहा कि शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।इसलिये जन सामान्य की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण में ढिलाई कदापि न बरती जाये, सभी अधिकारी अपने कार्यों एवं दायित्यो का शत प्रतिशत निर्वहन करें। उन्होंने निर्देशित किया की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करायें। उन्होने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण करायें इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाय। पट्टी तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 207 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 207 शिकायतों में से 82 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 54, विकास विभाग से 23, समाज कल्याण से 05, शिक्षा विभाग से 03, स्वास्थ्य विभाग से 02 एवं 38 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी पट्टी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय

## महिला सशक्तीकरण की गाथा बराबरी की भागीदारी से अधिक खुशहाल होगी हमारी दुनिया

गत वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर मैं उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित समारोह में समापन भाषण दे रही थी। न्याय के बारे में बात करते हुए मुझे अंडर-ट्रायल कैदियों का खयाल आया और उनकी दशा के बारे में बोलने से मैं स्वयं को रोक नहीं पाई। मैंने अपने दिल की बात कही और उसका प्रभाव भी पड़ा। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं आपसे उसी तरह कुछ विचार साझा करना चाहती हूं, जो सीधे मेरे दिल की गहराइयों से निकले हैं। मैं बचपन से ही समाज में महिलाओं की स्थिति को लेकर व्याकुल रही हूं। एक ओर तो किसी बच्ची को ढेर सारा प्यार-दुलार मिलता है और शुभ अवसरों पर उसकी पूजा भी की जाती है। वहीं दूसरी ओर उसे जल्द ही यह आभास हो जाता है कि हमउम्र लड़कों की तुलना में उसके जीवन में अवसर एवं संभावनाएं कम हैं। महिलाओं को उनकी सहज बुद्धिमत्ता के लिए आदर मिलता है। पूरे कुटुंब में सबका ध्यान रखने वाली, परिवार की धुरी के रूप में उनकी सराहना की जाती है तो दूसरी ओर परिवार से जुड़े और यहां तक कि उनके ही जीवन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों में उनकी कोई भूमिका नहीं होती और यदि होती भी है तो अत्यंत सीमित। एक छात्रा, अध्यापिका और बाद में एक समाज सेविका के रूप में घर के बाहर के परिवेश में ऐसे विरोधाभासी रवैये ने मुझे स्वयं हैरान किया। अक्सर मैंने यही महसूस किया है कि हममें से अधिकांश लोग व्यक्तिगत स्तर पर तो पुरुषों और महिलाओं की समानता को स्वीकार करते हैं, लेकिन सामूहिक स्तर पर वही लोग आधी आबादी को सीमाओं में बांधना चाहते हैं। यद्यपि मैंने अधिकांश व्यक्तियों को समानता की प्रगतिशील अवधारणा की ओर बढ़ते देखा है, किंतु सामाजिक स्तर पर पुराने रीति-रिवाज और परंपराएं पुरानी आदतों की तरह हमारा पीछा नहीं छोड़ रही हैं। विश्व की सभी महिलाओं की यही व्यथा-कथा है। महिलाएं अपना जीवन बाधाओं के बीच ही शुरू करती हैं। 21वीं सदी में जब हमने हर क्षेत्र में कल्पनातीत प्रगति कर ली है, तब भी कई देशों में कोई महिला राष्ट्राध्यक्ष नहीं बन सकी है। इससे भी दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि दुनिया के तमाम हिस्सों में आज भी महिलाओं को दोयम दर्जे का माना जाता है। यहां तक कि स्कूल जाना भी किसी लड़की के लिए जिंदगी और मौत का सवाल बन जाता है। हालांकि, सदैव ऐसी स्थिति नहीं रही। भारत में ही ऐसे कालखंड भी रहे, जब महिलाएं निर्णय लिया करती थीं। हमारे शास्त्रों और इतिहास में ऐसी महिलाओं का उल्लेख मिलता है जो अपने शौर्य, विद्वत्ता और प्रभावी प्रशासन के लिए जानी जाती थीं। आज भी अनगिनत महिलाएं अपनी पसंद के क्षेत्रों में कार्य करके राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रही हैं। अंतर केवल इतना है कि उन्हें एक साथ दो स्तरों पर अपनी योग्यता तथा उत्कृष्टता सिद्ध करनी पड़ती है- अपने कार्यक्षेत्र में भी और घरों में। फिर भी वे शिकायत नहीं करतीं, लेकिन समाज से केवल इतनी आशा जरूर करती हैं कि वह उन पर भरोसा करे। इधर एक विचित्र स्थिति भी उत्पन्न हुई है। हमारे यहां जमीनी स्तर पर निर्णय लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं का अच्छा प्रतिनिधित्व है, लेकिन जैसे-जैसे हम ऊपर की ओर बढ़ते हैं तो महिलाओं की संख्या घटती जाती है। यह तथ्य राजनीतिक संस्थाओं के संदर्भ में भी उतना ही सच है जितना नौकरशाही, न्यायपालिका और कारपोरेट जगत के लिए। जिन राज्यों में साक्षरता दर बेहतर है, वहां भी यही स्थिति दिखती है। स्पष्ट है कि केवल शिक्षा द्वारा ही महिलाओं की आर्थिक और राजनीतिक आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि समाज में व्याप्त मानसिकता को बदलने की जरूरत है। एक शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज निर्माण के लिए महिला-पुरुष असमानता पर आधारित जड़वत पूर्वाग्रहों को समझना तथा उनसे मुक्त होना जरूरी है। सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के लिए सुविचारित प्रयास किए गए हैं, परंतु ये प्रयास महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की दिशा में पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। जैसे शिक्षा प्राप्त करने तथा नौकरियां हासिल करने में महिलाएं पुरुषों की तुलना में बहुत पीछे रहती हैं। उनके इस पिछड़ेपन का कारण सामाजिक रूढ़ियां हैं न कि कोई साजिश। तमाम दीक्षा समारोहों में शामिल होने का मेरा अनुभव यही बताता है कि यदि महिलाओं को अवसर मिले तो वे शिक्षा में पुरुषों से प्रायः आगे निकल जाती हैं। भारतीय महिलाओं तथा हमारे समाज की इसी अदम्य भावना के बल पर मुझे विश्वास होता है कि भारत महिला-पुरुष के बीच न्याय के मार्ग पर विश्व समुदाय का पथ-प्रदर्शक बनेगा। ऐसा कतई नहीं है कि पुरुषों ने आधी आबादी को पीछे रखकर कोई बढ़त हासिल की है। सच यही है कि यह असंतुलन मानवता को हानि पहुंचा रहा है।

## बेमतलब की जिद पालने की आदत, उसूल पकड़कर चलने वाले लोग खा रहे हैं धक्के

कुछ लोग होते ही ऐसे हैं। जब-तब बेमतलब की जिद पाल लेते हैं। जिस तरह किसी जानवर को पालने पर उससे प्यार हो जाता है, उसी तरह जिद पाल लेने पर उस जिद से भी प्यार हो जाता है। यह प्यार बड़ा ही गहरा होता है। इसकी तुलना आज



की नई पीढ़ी के उस प्यार से नहीं की जा सकता है कि आज एक से हुआ, कल उससे ब्रेकअप हो गया, परसों दूसरी की तलाश में निकल लिए और वह मिल भी जाए तो दृष्टि में सदैव तीसरी रहा करती है। आज के दौर का यह जिद्दी प्यार नेताओं की राजनीतिक निष्ठा जैसा भी नहीं है कि कब पाला बदल ले। अब ऐसे लोगों से मुलाकात होने पर पूछना पड़ जाता है कि आदरणीय, आप वर्तमान में किस दल में हैं अब राजनीति के लोग भी पहले पार्टी की वर्तमान हैसियत देखते हैं और फिर उसमें अपने समृद्ध भविष्य की संभावनाएं तलाशते हैं, लेकिन यह जिद वाला प्यार स्थाई होता है। इस जिद्दी प्यार में एक अकड़ आ जाया करती है। ऐसा इंसान चाहने लग पड़ता है कि वह जैसा सोच रहा है, सबको वैसा ही सोचना चाहिए और सब कुछ उसके इस सोच के अनुरूप ही चलना चाहिए। जहां पर कुछ औलादें अपने बाप की नहीं सुनती हैं, भाई, भाई को नहीं गांठता है, जहां पर नेता जनता की आवाज नहीं सुनते हैं और गठबंधन के साथी एक-दूसरे को संदेह भरी निगाहों से निहारते हैं। जहां पर कुछ मातहत अपने बास को पट्टी पढ़ा देते हैं, स्टूडेंट टीचर को न्यून समझते हैं, और तो और, कुछ पति अपनी पत्नी की तथा कुछ पत्नियां अपने पति की बात नहीं सुनती हैं, ऐसे समय में बेवजह की जिद ठानने को निहायत मूर्खता ही कहा जाएगा।अब जमाना ऐसा आ चुका है कि अपना उसूल पकड़कर चलने वाले लोग धकियाएं जा रहे हैं। ऐसे माहौल में अकड़ अच्छी बात नहीं है। आदमी में लचीलापन होना चाहिए। विनम्रता उसका नैसर्गिक गुण है।

## जनपद के रेलवे स्टेशनों का 400 करोड़ रूपये से होगा सौन्दर्यीकरण-सांसद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।**वर्तमान प्रदेश सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा लोक भवन लखनऊ में प्रदेश सरकार के लोक कल्याणकारी कार्यक्रमो के अभूतपूर्व प्रयासों और परिणामों को प्रदर्शित करती पुस्तिका का विमोचन किया गया जिसका सजीव प्रसारण राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ के परिसर में किया गया। सजीव प्रसारण का अवलोकन माननीय सांसद




प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, शासकीय अधिवक्ता विवेक उपाध्याय, भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी सहित अधिकारियों/कर्मचारियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं जनसामान्य द्वारा किया गया। इसी क्रम में सांसद, विधायकगण, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा जनपद की विधानसभावार पुस्तिका का विमोचन किया गया।प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि सुशासन, विकास, रोजगार के तहत डबल इंजन की सरकार ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास की सोच के साथ देश, प्रदेश एवं जनपद का चहुमुखी विकास किया है। पात्र व्यक्तियों को शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जनपद की उपलब्धियों को गिनाते हुये कहा कि जहां पहले जनपदों में 03 या 04 नगर पंचायते हुआ करती थी आज जनपद में 18 नगर पंचायतों का गठन हुआ है जिसमें लगातार विकास के कार्य समय-समय पर किये जा रहे है। बराछा बेल्हा देवी के बगल 14 करोड़ रूपये के पुल निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है जिससे कनेक्टिविटी अमेठी रोड को मिलेगा जिससे विकास का एक बड़ा पैमाना बढ़ेगा।उन्होंने बताया कि भंगवा चुंगी के ओवर ब्रिज बन जाने से बगल के 50 गांव जुड़ जायेगें जो गांव की विरान जमीने है वे शहर में सम्मिलित हो जायेंगी उस सोच के साथ कुसुमी फाटक पर एक नये ओवर ब्रिज की स्वीकृति मिल गयी है उसका कार्य बहुत जल्द शुरू हो जायेगा। बेल्हा देवी पर एक पुल की स्वीकृति आने एवं जाने की मिल गयी है, मई महीने में इसका कार्य शुरू हो जायेगा। जनपद प्रतापगढ़ को भारत सरकार द्वारा 400 करोड़ रूपये रेलवे स्टेशनों के सौन्दर्यीकरण हेतु प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि जनपद में विकास एवं कानून व्यवस्था हेतु जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक का सराहनीय योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में नगर विकास के अन्तर्गत 51.21 करोड़ की लागत से नगर पालिका परिषद बेल्हा एवं जनपद की समस्त नगर पंचायतों में इण्टरलाकिंग, सड़क उच्चीकरण, नाला, पुलिया निर्माण, हाईमास्ट अधिष्ठापन, ट्यूबेल स्थापना, पोर्टेबल ट्वायलेट, रनिंग वाटर, एल0ई0डी0 लाईट, जलापूर्ति सहित अन्य सौन्दर्यीकरण कार्य कराये गये।अवस्थापना सुविधाओं में रूपये 224.38 लाख की लागत से आई0टी0आई0 पट्टी में लैब, नवीन राजकीय हाईस्कूल के उच्चीकरण, जनपद न्यायालय परिसर में नवनिर्मित ट्रांजिस्ट हास्टल एवं गेस्ट हाउस के आन्तरिक साज-सज्जा का कार्य एवं तहसील सदर के ग्रामसभा बनवीरकांछ में नवीन थाना कोतवाली देहात के आवासीय भवन का निर्माण किया गया। जिला पंचायत द्वारा रूपये 30.79 करोड़ की लागत से लेपित मार्ग, गड्ढामुक्ति/मरम्मत, सी0सी0 मार्ग, खण्ड़न्जा मार्ग, नाली/नाला निर्माण कार्य के कराये गये। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वाररा आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत 58921 तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत 12504 लोगों को गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 19249 लाभार्थी एवं जननी सुरक्षा योजना के तहत 26328 महिलायें लाभान्वित हुई। जनपद में 22 रोजगार मेले आयोजित कर 1351 लोगों को रोजगार दिया गया तथा कौशल विकास मिशन योजना के अन्तर्गत 1772 युवाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत 1860 किसानों को रूपये 33.40 लाख का भुगतान एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 573259 किसानों के सीधे खातें में रू0 273.279 करोड़ का भुगतान किया गया। जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा कुल 4149038 पौधों का रोपण किया गया।प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत 753.13 हेक्टेयर में टपक सिंचाई, पोर्टेबल स्प्रिंकलर, मिनी स्प्रिंकलर, माइक्रो स्प्रिंकलर, रेनगन की स्थापना पर रूपये 634.67 लाख रूपये व्यय किया गया है। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत 300 लाभार्थी कृषकों को सब्जी बीज एवं प्लास्टिक क्रेटस तथा मसाला खेती के अन्तर्गत 232 लाभार्थी कृषकों को प्याज बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अन्तर्गत बैंक द्वारा कुल 31 ऋण स्वीकृत किये गये। उन्होने बताया कि रूपये 105.12 करोड़ की लागत से 128.60 किमी नई सड़क, मार्गो के अनुरक्षण एवं सड़कों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया गया तथा रूपये 11.15 करोड़ की लागत से 1185.68 किमी सड़के गड्ढामुक्त की गयी। अवस्थापना एवं उद्योग के अन्तर्गत जनपद में उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के अन्तर्गत जिला स्तरीय निवेश कुम्भ में 101 निवेशकों/उद्यमियों द्वारा 11086 करोड़ रूपये के प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं। सामाजिक सुरक्षा के तहत मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत 1671 पुत्रियों की शादी हेतु सहायता धनराशि प्रदान की गयी। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजनान्तर्गत 1283 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया एवं 933 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण का वितरण किया गया। अनुसूचित जाति अत्याचार उत्पीड़न योजना अन्तर्गत 1019 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत 471 छात्र/छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत 4875 कन्याओं/बालिकाओं लाभ दिया गया तथा उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत 160 बच्चों/बच्चियों को लाभान्वित करते हुये कक्षा 09 या 09 से ऊपरी वाली कक्षा में अध्ययनरत 26 बच्चों/बच्चियों को लैपटाप का वितरण किया गया। अग्नि काण्ड/आंधी तूफान/आकाशीय विद्युत/बेमौसम भारी वर्षा/सर्पदंश/कोविड-19 के संक्रमण से प्रभावित 698 पीड़ितों को रू0 262.53 लाख की सहायता राशि प्रदान की गयी तथा स्वामित्व योजना के अन्तर्गत 14629 लाभार्थियों को घरौनी का वितरण। निर्माण कामगार पुत्री विवाह, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद एवं सन्त रविदास शिक्षा सहायता योजना के अन्तर्गत 652 परिवार लाभान्वित हुये। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण/शहरी)/मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत 29037 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।इसी प्रकार उन्होने जनपद की अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## पक्ष-विपक्ष की तकरार में फंसी संसद, अपनी-अपनी मांगों पर अड़े रहे तो सदन में कार्यवाही होगी कठिन

संसद के बजट सत्र के पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी हंगामा होना तय दिख रहा था। ऐसा ही हुआ। इस बार विचित्र यह है कि विपक्ष के साथ सत्?तापक्ष भी हंगामा कर रहा है। राहुल गांधी ने पिछले



दिनों अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान भारतीय लोकतंत्र पर जो अवांछित टिप्?पणियां कीं, उन्हें लेकर सत्तापक्ष उनसे माफी की मांग कर रहा है। सत्तापक्ष के सदस्य राहुल गांधी पर हमलावर होकर जिस तरह सदन नहीं चलने दे रहे हैं, वह इसलिए अप्रत्याशित है, क्योंकि आम तौर पर सत्तारूढ़ दल ऐसा नहीं करता। सत्तापक्ष के रवैये से यह साफ है कि वह अदाणी मामले पर मोदी सरकार को घेरने की कांग्रेस की रणनीति के जवाब में राहुल गांधी को घेर रहा ह निःसंदेह राहुल गांधी ने लंदन में भारतीय लोकतंत्र के बारे में जो कुछ कहा, उसका समर्थन नहीं किया जा सकता। उनका यह कहना बेहद आपत्तिजनक है कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो गया है और फिर भी अमेरिका एवं यूरोप कुछ नहीं कर रहे हैं। इससे यही ध्वनित हुआ कि वह यह चाहते हैं कि अमेरिका और यूरोप को भारत में हस्तक्षेप करना चाहिए। यह सांसद के तौर पर राहुल की ओर से ली गई उस शपथ का उल्लंघन है, जिसके तहत देश की एकता और अखंडता अक्षुण्ण रखने का वचन लिया जाता है। राहुल का यह कहना भी परेशान करने वाला है कि मोदी सरकार अल्पसंख्यकों को दोयम दर्जे का नागरिक समझती है। उनके इन्हीं आपत्तिजनक बयानों के कारण भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। निशिकांत दुबे यह भी मांग कर रहे हैं कि राहुल गांधी के आपत्तिजनक बयानों के कारण उनकी सदस्यता निलंबित की जाए। भाजपा के अन्य नेताओं के साथ पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी राहुल गांधी पर अपने राजनीतिक हमले तेज कर दिए हैं। इसके जवाब में कांग्रेस जहां अदाणी मामले की जांच जेपीसी से कराने पर अड़ गई है, वहीं वह प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस लेकर भी आ गई है। यह स्पष्ट है कि विपक्ष अदाणी मामले की जांच जेपीसी से कराने की मांग पर जैसे-जैसे जोर दे रहा है, वैसे-वैसे सत्तापक्ष राहुल की माफी की मांग तेज करता जा रहा है। यदि दोनों पक्ष अपनी-अपनी मांग पर अड़े रहे तो संसद का चलना कठिन ही होगा। अदाणी मामले की जांच जेपीसी से कराने पर कांग्रेस और अन्य दल चाहे जितना जोर दें, इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इस मांग का औचित्य इसलिए खत्म हो गया है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने अपनी ओर से इस मामले की जांच के लिए एक छह सदस्यीय समिति गठित कर दी है। इसके अलावा सेबी भी अपने स्तर पर इस मामले की जांच कर रहा है। आखिर ऐसे में जेपीसी का गठन करने की मांग का क्या औचित्य? यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि अभी तक वित्तीय मामलों की जो भी जांच जेपीसी से हुई है, उसमें जांच के नाम पर दलगत राजनीति ही अधिक हुई है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि विपक्ष और खासकर कांग्रेस अदाणी मामले की जांच पर इसीलिए जोर दे रहा है, ताकि इस मुद्दे को अगले आम चुनाव तक जिंदा रखा जा सके- ठीक उसी तरह जैसे पिछले आम चुनाव के समय राफेल सौदे को तूल देकर किया गया था। आसार यही हैं कि जैसे राहुल को राफेल मसले को तूल देकर कुछ हाथ नहीं लगा था, वैसे ही अदाणी मामले को उछालने से भी उन्हें कुछ हासिल होने वाला नहीं है।अदाणी समूह को लेकर अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट उस समय आई थी, जब पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे थे। कांग्रेस ने इस रिपोर्ट को खूब उछाला, लेकिन उसे कोई चुनावी लाभ नहीं मिला। कांग्रेस और कुछ विपक्षी दल विभिन्न नेताओं के खिलाफ ईडी और सीबीआइ की जांच को भी तूल दे रहे हैं। इसे लेकर विपक्षी दलों की ओर से ईडी दफ्तर तक जो मार्च निकालने की कोशिश की गई, उसमें तृणमूल कांग्रेस और एनसीपी ने भाग नहीं लिया। स्पष्ट है कि इस मुद्दे पर विपक्ष में एका नहीं। इसके पहले मनीष सिसोदिया के मामले में जो चिट्ठी लिखी गई थी, उसमें केवल आठ दलों के नेताओं ने ही हस्ताक्षर किए थे। विपक्ष कुछ भी कहे, जो नेता घपले-घोटालों के आरोपों से घिरे हुए हैं, उन्हें पाक-साफ नहीं कहा जा सकता। चूंकि इन नेताओं को अदालतों से भी राहत नहीं मिली है, इसलिए विपक्षी दल जनता को यह संदेश देने में सफल नहीं हो पा रहे हैं कि केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। आखिर जनता यह कैसे भूल सकती है कि घपले-घोटालों के आरोपों से घिरे कई नेताओं अथवा उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान अकूत संपत्ति होने के दस्तावेज मिले हैं। इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि सरकारी तंत्र में भ्रष्?टाचार है और इसका कारण भ्रष्ट नेता और नौकरशाह हैं। जब तक राजनीतिक भ्रष्टाचार है, तब तक केंद्रीय जांच एजेंसियों को सक्रिय रहना चाहिए। हां, यह अवश्य नहीं कहा जा सकता कि राजनीतिक भ्रष्टाचार केवल विपक्ष शासित राज्यों में ही है। अदाणी मामले की जांच जेपीसी से कराने की विपक्ष की मांग और राहुल गांधी की माफी की सत्तापक्ष की मांग का नतीजा कुछ भी हो, बजट सत्र का सही तरीके से चलना मुश्किल दिख रहा है। राहुल गांधी के तेवरों से यह साफ है कि वह इस पर जोर देना चाहते हैं कि संसद में उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा है, लेकिन सभी को पता है कि बजट सत्र के पहले चरण में वह बोले थे और खूब बोले थे। उनका यह कहना राजनीतिक बयान ही अधिक है कि संसद में उनका माइक बंद कर दिया जाता है। संसद में बोलने के कुछ तौर-तरीके हैं और हर किसी को उनका पालन करना होगा, लेकिन ऐसा लगता है कि विधिवत तरीके से संसद चलने देने में किसी की रुचि नहीं। संसद सही तरह से तभी चल सकती है, जब सदन चलाने संबंधी नियम-कानूनों का पालन किया जाएगा। अब जब गृहमंत्री यह कह रहे हैं कि विपक्ष बातचीत के लिए आगे आए तो गतिरोध दूर हो सकता है, तब फिर उसे ऐसा करना ही चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### 19 मार्च को सुषमा स्वराज अवार्ड का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा।भाजपा महिला मोर्चा द्वारा 19 मार्च को सेक्टर 6 एन ई ए के सभागार में सुषमा स्वराज अवार्ड का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती नेहा राना (प्रभारी नोएडा महानगर), गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ महेश शर्मा और नोएडा विधायक पंकज सिंह होंगे। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा नोएडा महानगर की अध्यक्षा श्रीमती शारदा चतुर्वेदी एवं मीडिया प्रभारी नीता वाजपेई ने दी।

### 26 मार्च को मातृशक्ति सम्मान एवं कवियत्री सम्मेलन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सांस्कृतिक चेतना को समर्पित संस्था ‟नई पहल" हर माह की तरह इस माह भी कविताओं से सजी एक शाम लेकर आ रही है त् इस बार नई पहल को साथ मिला है शहर की अग्रणी संस्था ‟नारी प्रगति सोशल फ़ाउंडेशन" का तो निश्चित ही आधी आबादी को समर्पित यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा 26 मार्च,शाम 5:30 पर महामाया बालिका इंटर कॉलेज सेक्टर -44 के प्रांगण में मातृशक्ति सम्मान एवं कवयित्री सम्मेलन में आप सपरिवार पधारें और समाज और संस्कृति के प्रति अपना अनुराग प्रकट कर हमारा मनोबल बढ़ाएँ त् आयोजन में शहर की सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान हेतु योगदान देने वाली मातृशक्तियों का सम्मान भी किया जाएगा त्
इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नई पहल संस्था और नारी प्रगति सोशल फ़ाउंडेशन अपनी ओर से हर सम्भव प्रयास कर रही है और निश्चित ही आपकी उपस्थिति इस आयोजन में चार चाँद लगा देगी ।

### संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा



जनता की समस्याओं का अनुश्रवण कर रहे हैं। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की प्राप्त शिकायतों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निराकरण करने के लिए मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि सरकार के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का जनता को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का कार्यक्रम अभी जारी है।

### सिस्को नेटवर्किंग अकादमी द्वारा संगोष्ठी का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा। स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में सिस्को नेटवर्किंग अकादमी द्वारा नेटकैड के छात्रों को नौकरी के लिए तैयार करने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सिस्को नेटवर्किंगअकादमी की उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक मिस लौरा क्विंटाना डेनविल कैलिफ़ोर्निया, संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत और दक्षिण एशिया में कॉर्पोरेट मामले के प्रमुख अनुराग श्रीवास्तव और इंडिया लीड फॉर स्किल्स एवं सिस्को नेट ए कैड के ईश्वरिंदर सिंह ने वक्ताओं के रूप में भाग लिया और छात्रों के साथ व्यापक रूप से बातचीत की।

# भाजपा ने की लोकतंत्र की हत्या: शिवम पांडेय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की सदस्यता को समाप्त किए जाने को लेकर यूथ कांग्रेस आई टी सेल के प्रदेश महासचिव शिवम् पाण्डेय ने भाजपा पर तीखा प्रहार किया है उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है।दरअसल सरकार राहुल के सवालों डरी हुई है इसलिए उनके सवालों से बचने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपना रही है।मोदी जी के गौतम अदानी से क्या रिश्ते हैं यह सवाल राहुल गांधी बार बार लोकसभा में उठा रहे थे वे कह रहे थे कि सरकार अदानी का बचाव क्यों कर रही है।उसकी शेल कम्पनियों ने पैसा कहां से आया।उनके सरकार को बेपर्दा कर देने वाले कठिन सवालों से मोदी सरकार लगातार बच रही थी।इसलिए उन्हें जब कुछ नहीं सूझा तो एक अदालती फैसले को ढाल बनाकर उसने राहुल गांधी सदस्यता समाप्त कर दी।यह सरकार की विपक्ष की आवाज को दबाने की साजिश है लेकिन इसमें वह सफल नहीं होगी बल्कि अब लड़ाई और मजबूत होगी हर कांग्रेस कार्यकर्ता इससे सबक लेकर आने वाले चुनावों में भ्रष्ट भाजपा सरकार की ईंट से ईंट बजा देगा।यह कदम नरेंद्र मोदी और भाजपा के लिए आत्मघाती सिद्ध होगा।



# ओबीसी समाज से माफी मांगे राहुल गांधी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।**जिला गौतमबुद्धनगर ग्रेटर नोएडा वेस्ट मे अन्य पिछड़ा वर्ग समाज सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें पिछड़े वर्ग की गुर्जर, जाट,यादव,पाल,सुनार,लुहार,कुम्हार आदि अनेकों जातियों के हजारों लोगों प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद सरकार ने पिछड़े समाज के लोगो के सामाजिक,आर्थिक विकास के लिए बहुत प्रयास किये है। पिछड़े समाज के पढ़े लिखे युवाओ को रोजगार देकर उनको आत्मनिर्भर बनाया गया है। जिला प्रभारी मंत्री कुँवर बृजेश सिंह प्रस्ताव पारित किया गया कि जब तक राहुल गांधी पिछड़े समाज पर की गई अभद्र टिप्पणी पर समाज से सार्वजनिक रूप से माफी नही मांगते है तब तक उनके खिलाफ पूरे देश प्रदेश प्रत्येक जिले गाँव गाँव ,घर घर तक आंदोलन चलाकर विरोध किया



ने भाग लिया।कार्यक्रम के संयोजक हरिओम बैंसला व सह-संयोजक भाजयुमो जिलाध्यक्ष राज नागर ने बताया कि कार्यक्रम मे पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से लोगो ने शिरकत की।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद व भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण व विशिष्ठ अतिथि के रूप मे लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री व गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री कुँवर बृजेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा सुरेन्द्र सिंह नागर ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे बोलते हुए डॉ के लक्ष्मण ने कहा कि ने कहा कि सरकार पिछड़े वर्ग के स्वाभिमान का सम्मान करती है। पिछड़े वर्ग से आने वाले महापुरुषों का हमेशा हमने सम्मान और आदर किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजसभा सांसद सुरेन्द्र नागर ने कहा कि पिछड़े वर्ग की आबादी 60 प्रतिशत होने के बाद भी पूर्व की सरकारों ने पिछड़े वर्ग को सत्ता मे ना के बराबर भागीदारी दी। ये पिछड़े समाज के खिलाफ अन्याय है। सुरेन्द्र नागर व डॉ के लक्ष्मण ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पिछड़े समाज के प्रति की गई टिप्पणी को लेकर कहा कि यह पिछड़े समाज का अपमान है जिसे पिछड़ा समाज कतई सहन नही करेगा।सम्मेलन में सर्वसम्मति से यह जायेगा ।। मंच का कुशल संचालन भूपेंद्र मास्टर ने किया । इस अवसर पर ओमपाल प्रमुख,बिजेंद्र प्रमुख,ईश्वर प्रमुख,ईश्वर मावी,हरेन्द्र नागर,करतार निठोरा, भूपेंद्र मास्टर रवि भदोरिया,जितेंद्र भाटी,वीरपाल प्रधान,रामनिवास यादव,यशवीर यादव,राजकुमार चौधरी,राजवीर मावी,अनिल बैंसला,राजवीर मावी,अमित मुखिया, अमित भाटी, सुशील प्रधान,महेंद्र प्रधान,अनिल प्रधान,राजे कसाना,चैनपाल प्रधान,सुमित बैसोया,जयप्रकाश प्रजापति,रजनी तोमर,राहुल नागर,मास्टर मनोज नागर आदि लोग उपस्थित रहे।

# सुषमा स्वराज अवार्ड का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सुषमा स्वराज अवॉर्ड कार्यक्रम के अंतर्गत आज नोएडा महानगर में नोएडा महानगर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष (स्क्रिप्ट राइटर) ,डॉक्टर तनवीर (स्त्री रोग विशेषज्ञ), श्रीमती विमलेश शर्मा (प्रधान) ,श्रीमती प्रतिभा शर्मा (आंगनवाड़ी) ,श्रीमती पूजा यादव (नर्स) ,वंदना किलोल (पत्रकारिता) ,अंजना के लोकप्रिय सांसद डॉ महेश शर्मा और महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता , महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव भी उपस्थित रहे अतिथि के रूप में



श्रीमती शारदा चतुर्वेदी की अध्यक्षता में नोएडा महानगर में सुषमा स्वराज अवॉर्ड का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में समाज को सुधारने और नोएडा के लिए अपने तरीके, अपनी योग्यता के अनुसार अपना योगदान दिया है इस कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मानित होने वाले महिलाओं एडवोकेट दीपक जैन (एडवोकेट) ,शर्मा बबीता (गायन) ,उत्कर्षिनी वशिष्ठ राजगोपालन (सामाजिक कार्यकर्ता) श्रीमती प्रीति बजाज (चित्रकार), संगीता चौधरी (एथलीट) श्रीमती प्राची सिंह (स्केटिंग) ,मंजू गोपालन (टीचर श्रीमती सुवर्णा भूषण(भरतनाट्यम) ,वैशाली गुप्ता (वास्तु शास्त्र) ,श्रीमती अनीता शर्मा (शिक्षाविद) ,संगीता चौधरी (प्रिंट मीडिया) को प्रदान किया गया इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती नेहा राणा रही जो कि नोएडा की प्रभारी भी है अतिथि के रूप में नोएडा श्रीमती गिरजा सिंह उपस्थित रहे इस कार्यक्रम संयोजिका डॉ दीपाली दीक्षित रही। इस कार्यक्रम महामंत्री मधु मेहरा, शिवानी शरद, मिडिया प्रभारी नीता वाजपेई, राजश्री गुप्ता,रेनू बाला , वंदना,रेखा सिंह,मंजू शर्मा,सोशल मीडिया प्रभारी रितु रेनिवाल,सोनिका अत्रि,नीलम मनी, के साथ जिले के सभी पदाधिकारियों बहनों की गरिमामय उपस्थिति रही। मंडल अध्यक्ष के साथ मंडल की पूरी टीम ने भी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई।

# कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 82 स्थित स्वर्णिम विहार में आरडबल्यूए द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को कथा व्यास डॉक्टर निधि तेलंग ने वामन अवतार एवं कृष्ण जन्म आदि प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। राजा बलि बहुत ही प्रतापी और दानी राजा है वह अश्वमेघ यज्ञ कराता है जहां भगवान विष्णु वामन रूप में प्रकट होते हैं। राजा बलि वामन भगवान से कुछ मांगने के लिए कहते हैं। वामन रूपधारी भगवान तीन पग भूमि दान में मांगते हैं जिस पर बलि और ज्यादा दान मांगने की बात करते हैं। भगवान केवल तीन पग भूमि मांगते है और वह विराट रूप धारण कर एक पग में आकाश एक पग में पृथ्वी नाप लेते हैं तीसरे पग में बलि अपना मस्तक आगे कर देता है। भगवान बलि की दानशीलता से प्रसन्न हो जाते हैं। अगले प्रसंग में कृष्ण जन्म की कथा सुनाई । कंस ने अपने पिता उग्रसेन को राजगद्दी से उतारकर खुद राजा बन बैठा उसने



अपनी बहन देवकी का विवाह वासुदेव से कर दिया।जब कंस अपनी बहन को विदा करता है तो आकाशवाणी होती है कि देवकी का आठवां लाल तेरा काल होगा। कंस वासुदेव को मारने दौड़ता है लेकिन देवकी के समझाने पर की वह अपनी सभी संतानों को उसे सौंप देंगे। कंस बासुदेव व देवकी को कारागार में डाल देता है। उनकी पैदा होने वाली संतानों को उसने एक एक कर मार डाला। आठवीं संतान के रूप में भगवान कृष्ण के रूप में जन्म लेते हैं और वासुदेव जी गोकुल में नंद के यहां कृष्ण को सौंप देते हैं और उनकी कन्या को लेकर वापस मथुरा आ जाते हैं। नंद बाबा के यहां कृष्ण का जन्म धूमधाम से मनाया जाता है। कृष्ण जन्मोत्सव पर सेक्टरवासी जमकर थिरकते हैं। इस अवसर पर दादरी विधायक तेजपाल नागर, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने व्यास पीठ से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे, आरडबल्यूए अध्यक्ष उर्मिला देवी शर्मा, सचिव सुखवीर सिंह, शेखर, के के जैन,नीतू सिंह,डॉक्टर मीतेश शर्मा,डॉक्टर दीपिका शर्मा, रमेश,सीमा, एनके सोलंकी, सुशील यादव सहित तमाम भगवत्प्रेमी भक्त मौजूद रहे।

# ब्योहारी की लोकशन बाणसागर में संचालित सेंटर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शहडोल।** व्यौहारी से दुर्गेश कुमार गुप्ता कि रिपोर्ट लोकेशन के बाहर वर्षो से संचालित आधार सेंटर जिले के अधिकारियों की सह पर शहडोल जिले के ब्योहारी में लोकेशन के बाहर वर्षो से आधार सेंटर चलाया जा रहा है जिसकी जानकारी जिले तक के अधिकारियों को है पर उनके द्वारा नियम विरुद्ध संचालित आधार कार्ड सेंटर पर कोई कार्यवाही नहीं की गई, लोकेशन से लगभग बीस किलोमीटर दूर बाणसागर में किसी शुक्ला के नाम से आधार कार्ड सेंटर चलाकर आधार कार्ड को अपडेट कर बनाया जा रहा है जब की परमिशन लोकशन एम.पी.ई.बी. कार्यालय ब्यौहारी बताई जा रही है, इस संबंध में ए ई ब्योहारी से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि जब से हम पदस्थ हुए है हमारे कार्यालय वा इस कैंपस में कभी भी आधार कार्ड सेंटर नही खुला है आइए सुनते है क्या कुछ कहा गया उन्होंने।



# छेत्र में ओला वृष्टि व आसामयिक वर्षा प्रभावित ग्रामों का ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने किया दौरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** कल रविवार दोपहर अचानक हुई तेज वारिश के दौरान हुई ओलावृष्टि के कारण किसानों की फ़सल चौपट हो गयी है सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई की मार झेल रहे किसान पर आसामयिक वर्षा एवं ओला वृष्टि क़ी दोहरी मार ने किसान को बुरी तरह झकझोर दिया है.ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी दद्दा ने हिंनौता कला समेत अन्य गाँवों का दौरा किया. किसानों के खेतो मे पहुंच कर उनके नुकसान को नजदीक से महसूस किया. उन्होंने सरकार पर किसानों क़ी उपेक्षा का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किसानों की समस्या की प्रति संवेदनशील नहीं है. सरकार पहले से ही कृषि आदानों पर अत्यधिक जी एस टी वसूल रही है किसानों को शिवराज के राज में मँहगी खाद महगा डीजल महगी बिजली मिल रही है ऊपर से कर्ज का दबाव रहता है. ऐसे में इस प्रकार की घटनाओ से किसान की हालत बद से बदतर हो जाती है. ऐसे में आवश्यक है कि नाम मात्र के ऊंट के मुंह में जीरा जैसे मुआवजे की बजाय उनके नुकसान का समुचित मूल्यांकन कर हुई क्षति के अनुपात में क्षतिपूर्ति दिलाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए.सरकार इस विषय को गंभीरता से ले।



# 28 मार्च को श्रम शक्ति भवन पर धरना देंगे पेंशनर्स: कमांडर अशोक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।**ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति द्वारा देशभर में ठपेंशनर बचाओ ठ अभियान चला कर केन्द्र सरकार और ईपीएफओ की तानाशाही के विरुद्ध आवाज़ बुलंद कर रही है। समिति का आरोप है कि ईपीएफओ उच्च पेंशन के नाम पर नयी नयी शर्तें लगाकर परेशान कर रहा है और न्यूनतम पेंशन 7500 रू महीना, डी ए व मुफ्त चिकित्सा सुविधा की मांग को पूरा करने में आनाकानी कर रहा है। जबकि 2 बार स्वयं प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया और वित्त मंत्री के साथ बैठक कारवाई। पेंशनरों ने अपनी मांगों के समर्थन में 28 मार्च को श्रम शक्ति भवन के सामने धरना देंगे। इस धरने मैं दिल्ली एनसीआर के करीब 500 लोग शामिल होंगे। एनएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत ने बताया कि आर्थिक बदहाली के कारण औसतन 200 पेंशनर्स प्रतिदिन मरते जा रहे हैं। दिल्ली में 27 व 28 मार्च को सीबीटी की बैठक है अगर उसमे पेंशन बढ़ोत्तरी पर कोई निर्णय नहीं हुआ तो 28 मार्च को श्रम शक्ति भवन, दिल्ली पर ही बड़ा विरोध प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा हमारी मांगें जायज हैं , जिसमे प्रत्येक पेंशन धारक को 7500 रुपए के साथ डी ए व मुफ्त चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए इसके साथ ही मंहगाई भत्ता भी दिया जाए। उन्होंने कहा कि करीब 70 लाख रिटायर कर्मचारी हैं जिनको एक हजार पेंशन मिलती है। इस महंगाई मैं इतने पैसे से कैसे काम चलेगा। दो बार प्रधानमंत्री 20 बार श्रम मंत्री अनेकों बार फाइनेंश सेकेट्री से मिलने और इतनी मीटिंग होने और भगत सिंह कोशियारी समिति तथा कोर्ट के आदेश के बाद भी पेंशन नहीं बढ़ाई जा रही है। जो बेहद दुखद है। कमांडर अशोक ने कहा देश भर मैं करीब साढ़े सात करोड़ लोगों ने स्कीम मैं अंशदान किया है, जबकि देश भर मैं करीब 33 करोड़ लोग कार्यरत हैं। राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र सिंह राजावत ने कहा कि सरकार द्वारा की जा रही लेट लतीफी से आहत होकर ही समिति ने धरना देने का निर्णय लिया है , 28 मार्च को होने वाले धरने मैं दिल्ली एनसीआर के करीब 500 पूर्व कर्मचारी शामिल होंगे। धरने के बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी। हालांकि यह सांकेतिक धरना होगा। भविष्य मैं आवश्यकता पड़ी तो देश स्तर पर अनिश्चित कालीन धरना देने पर विचार किया जाएगा।



## दीदी की रसोई ट्रस्ट की पहल पर मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा, कोषाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा की पहल पर सेक्टर- 17, नोएडा पर नवरत्न फाउंडेशन के सहयोग से नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड द्वारा निशुल्क फुल बॉडी मेडिकल कैम्प लगाया गया। सोशल एक्टिविस्ट गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि कैम्प में सैकड़ों गरीब जरूरतमंद लोगों ने टेस्ट कराकर कैम्प का लाभ लिया उन्होंने एनएफएल का मजदूर बस्ती में कैंप लगाने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। कैंप का संचालन नोएडा झुग्गी झोपड़ी संयुक्त पुनर्वास मंच के अध्यक्ष रमाकांत सिंह ने किया। इस अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा की ओर से निशुल्क भोजन वितरण भी किया गया।



# इन्फ्लूएंजा के साथ कोरोना के नए वैरियंट ने बढ़ाई चिंता - डॉ डी.के गुप्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** भारत में कोविड के मामलों में फिर से बढ़ोतरी होने लगी है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि देश में कोविड के मामलों में बढ़ोतरी इन्फ्लूएंजा ए वायरस और हाल ही में कोविड के एक्स बी बी 1.16 वेरिएंट हैं। हालांकि कोविड के इस वैरिएंट के जो दो मामले सामने आए हैं, उनमें हल्का बुखार, सिरदर्द और



के पीछे तेजी से फैलने वाले एक्स बी बी.1.5 वंश का वैरिएंट एक्स बी बी.1.16 हो सकता है। फेलिक्स अस्पताल के चेयरमैन डॉ डी. के गुप्ता ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। डॉ गुप्ता का कहना है कि दो अलग-अलग वायरस इस समय तेजी से फैल रहे हैं, जिसमें एच 3एन2 मौसमी मांसपेशियों का विकार जैसे लक्षण देखने को मिले हैं। कोरोना वायरस का यह नया वेरिएंट तेजी से फैल रहा है और इसे अभी से एक खतरा माना जा रहा है। वायरस म्यूटेट होने के बाद पहले से ज्यादा स्मार्ट हो जाता है और इम्यूनिटी को चकमा देने के साथ तेजी से संक्रमण फैलाता है, जैसा कि कोविड वायरस के पहले आए स्ट्रेन के साथ भी देखा गया है। एक्स बी बी 1.16, ओमिक्रॉन वेरिएंट का ही सब-वेरिएंट है, जो तेजी से संक्रमण को फैलाने के लिए जाना जाता है। साल 2021 के अंत में ओमिक्रॉन ने डेल्टा को रिप्लेस किया और तेजी से दुनियाभर में फैला। नया वेरिएंट पुराने सब वेरिएंट एक्स बी बी.1.5 से नहीं बना है, बल्कि ये दोनों सबवेरिएंट एक्स बी बी और फिर एक्स बी बी.1 से बने हैं। एक्स बी बी.1.16 सबवेरिएंट भारत में मौजूद अन्य सभी कोरोना वेरिएंट पर भारी पड़ रहा है। इसका मतलब कि यदि किसी व्यक्ति के शरीर में इसके अलावा कोई अन्य वेरिएंट भी प्रवेश कर गया है तो यह उसे रोक दे रहा है. इस वेरिएंट से होने वाला संक्रमण लोगों को कितना बीमार कर सकता है, इस बारे में अभी कुछ साफ नहीं है। इसलिए लोगों को एक बार फिर सतर्क रहने की जरूरत है। खुद के साथ उन लोगों की सुरक्षा करें जो हाई-रिस्क ग्रुप में आते हैं। जहां घरघराहट, खांसी, तेज बुखार और निमोनिया के लक्षण एच3एन2 संक्रमण के लक्षण हैं, वहीं क्लासिक कॉविड के लक्षण सिरदर्द, शरीर में दर्द, थकान, गले में खराश और बहती या बंद नाक हैं। दोनों वायरस देश में बड़े पैमाने पर फैल रहे हैं, इसलिए जब भी लक्षण दिखाई दें तो जांच करवाना जरूरी है।

# चुनरी बांध के पास कोटवा सिरसी संपर्क मार्ग पर हुआ हादसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** पटेहरा मड़िहान थाना क्षेत्र के चुनरी बांध के पास कोटवा-सिरसी संपर्क मार्ग पर बीते बुधवार को सड़क हादसे में घायल बाइक सवार युवक की शुक्रवार की रात उपचार के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। देर रात परिजन शव लेकर घर पहुंचे। संतनगर थाना क्षेत्र के रामपुर रेक्सा निवासी चांद (25) पुत्र याकूब बुधवार को अपने साथी सोनू (20) के साथ मिर्जापुर गए थे। जहां से घर लौटते समय चुनरी बांध के पास सामने से तेज गति से आ रहे ट्रक से बचने में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। जिसमें चांद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उसको इलाज के लिए परिजन ट्रामा सेंटर लेकर गए। जहां शुक्रवार शाम इलाज के दौरान घायल उनकी मौत हो गई। चांद से दो पुत्र हैं। थानाध्यक्ष संतनगर कमल टावरी ने बताया कि घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

# जिले में जल्द ही औद्योगिक क्षेत्र का विकास होगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** मिर्जापुर जिले में जल्द ही औद्योगिक क्षेत्र का विकास होगा। निवेशकों से बात करके उनकी सुविधाओं के अनुरूप औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि चिह्नित की जाएगी। प्रस्ताव बनाकर आगे की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी कराई जाएगी। यह जानकारी प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व मिर्जापुर के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल नंदी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। एक सवाल के जवाब में उनकी ओर से जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि विंध्याचल में हेलीपोर्ट का निर्माण कराने के लिए कार्ययोजना तैयार हो रही है। इसके माध्यम से यहां आने वाले श्रद्धालु हेलीकाप्टर के माध्यम से भी आवागमन कर सकेंगे। हेलीपोर्ट पर उन्हें एयरपोर्ट जैसी यात्री सुविधाएं मिलेंगी।

# शाहगंज पुलिस ने 419, 420, 467, 468, 504, 506 के प्रकरण में वांछित राजेंद्र को किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना शाहगंज पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 11/ 2022 धारा 419, 420, 467, 468, 504, 506 से सम्बन्धित प्रकरण में वांछित अभियुक्त राजेंद्र प्रसाद पुत्र स्वर्गीय ददई राम, निवासी- खजूरी कला, थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया ।



# कलेक्ट्रेट सभागार में मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के उद्बोधन का दिखाया गया सजीव प्रसारण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** सुशासन विकास और रोजगार डबल इंजन की सरकार सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से देश, प्रदेश व जनपद का हो रहा विकास-विधायक सदर भूपेश चैबे देश का नामक पुस्तिका का विमोचन किया, विकास पुस्तिका के विमोचन के दौरान सासद राज्य सभा राम शकल जी, सांसद पकौड़ी लाल कोल जी, विधायक दुद्धी राम दुलार गौंड़, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चैबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र मौर्य ने विकास मुखर्जी रूर्बन मिषन योजनान्तर्गत चेरुई, पल्हारी एवं कोदई में 03 बन्धियों का निर्माण तथा ग्राम पंचायत के 20 स्थलों पर सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य कराया गया।रू0 15623.73 लाख की धनराषि से जिला खनिज फाउण्डेषन न्याय द्वारा जनपद के तहत 62303 मरीजों का ईलाज किया गया। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 5510 लाभार्थियों को एवं प्रधान मंत्री मातृत्व वन्दना योजनान्तर्गत 7900 गर्भवती महिलाओं को तथा जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत 24382 गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर 280550 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। कुल 47107 बच्चों में पूर्ण प्रतिरक्षित टीकाकरण किया गया, 3061 क्षय रोगी पूर्ण रूप से ठीक हुए एवं 107 कुष्ठ रोगियों का ईलाज किया गया। रू0 1817.67 लाख की धनराशि से नगरीय क्षेत्र में विभिन्न कार्य कराये गये। प्रधान मंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत 1226 आवास पूर्ण कराया गया। 178 अतिक्रमण कर्ताओं/भू-माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 0.03 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण से मुक्त करायी गयी। ए0डी0बी0 योजनान्तर्गत् जनपद के रू0 14.06 करोड़ की लागत से 466 मजरों में जर्जर विद्युत पोल व तार के प्रतिस्थापन का कार्य कराये जाने की प्राप्त स्वीकृति के सापेक्ष 263 मजरों में कार्य पूर्ण।सौभाग्य योजना, तृतीय चरण में 789 मजरों में रू0 32.81 करोड़ की लागत से विद्युतीकरण कराये जाने हेतु स्वीकृति प्राप्त है। उक्त योजनान्तर्गत् चयनित मजरों में विद्युतीकरण हेतु सर्वेक्षण/प्राक्कलन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।रू0 1.20 करोड़ की लागत से गो संरक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य पूर्ण। गो आश्रय स्थलों पर कुल 2934 पशु संरक्षित, 626606 पषुओं का कृत्रिम गर्भाधान एवं 9041448 पषुओं का टीकाकरण कराया गया। कामर्शियल लेयर्स योजना के अन्तर्गत जनपद में अण्डा उत्पादन के उद्देश्य से 30000 पक्षी क्षमता की दो इकाई एवं 10000 पक्षी क्षमता की 6 इकाई स्थापित है। इकाई स्थापना पर लिये गये बैक ऋण के ब्याज का भुगतान सरकार द्वारा किया जाता है। स्थापित इकाइयो से लगभग प्रतिमाह 20 लाख अण्डे का उत्पादन आदि का विकास किया गया है।



ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेश का ग्रोथ इंजन सोनभद्र-विधायक सदर भूपेश चैबे कलेक्ट्रेट सभागार में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया, इस अवसर पर विधायक सदर भूपेश चैबे, राज्य सभा सांसद राम शकल, सांसद पकौड़ी लाल कोल, विधायक दुद्धी राम दुलार गौंड़, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चैबे, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, मा0 विधायक घोरावल के प्रतिनिधि सुरेन्द्र मौर्या, जिला विकास अधिकारी श्री शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आर0जी0 यादव सहित सम्मानित अधिकारीगण व मीडिया बन्धुओं ने मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण को देखा और सुना गया। इसके पश्चात आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक सदर भूपेश चैबे ने कलेक्ट्रेट में आयोजित 06 वर्ष सुशासन विकास रोजगार डबल इंजन की सरकार पुस्तिका के विमोचन में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विधायक सदर भूपेश चैबे ने अपने सम्बोधन में कहा कि सुशासन विकास और रोजगार डबल इंजन की सरकार सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास से देश, प्रदेश व जनपद का हो रहा चैमुखी विकास, उन्होंने कहा कि जैसे देश का ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश है, वैसे ही उत्तर प्रदेश का ग्रोथ इंजन जनपद सोनभद्र है। जनपद सोनभद्र देश के अति पिछड़े 112 जनपदों की श्रेणी में विकास के मामले में तृतीय स्थान प्राप्त किया है, उन्होंने कहा कि देश के मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी व मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश का निरन्तर विकास हो रहा है, हमारा देश व प्रदेश विकास के मामले में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, उन्होंने कहा कि जनपद सोनभद्र में एक वर्ष में रु0 633.93 लाख की धनराषि से श्याम प्रसाद में विभिन्न निर्माण कार्य कराया गया। रू0 1788.00 लाख की धनराषि से सी0एस0आर0 मद से जनपद में स्वास्थ्य, षिक्षा, पोषण एवं अन्य सामाजिक कार्य कराया गया।रू0 186.29 करोड़ की धनराषि से लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क, हास्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष भवन का निर्माण कार्य कराया गया। रू0 9225.61 लाख की धनराशि से प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत जनपद के विभिन्न स्थानों पर सड़क का निर्माण कराया गया। रू0 2463.59 करोड़ की धनराशि से जनपद में जल जीवन मिशन (हर घर नल से जल) योजनान्तर्गत 12 नग ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है।कुल 224002 लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड वितरित करते हुए रू0 6.19 करोड़ की धनराशि से 3530 मरीजों का निःशुल्क ईलाज किया गया। इमरजेन्सी मेडिकल ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज

# 17 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच में दुद्धी व महुली की टीम 1-1 गोल कर बराबर पर रहीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी/सोनभद्र।** मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वाधान में 17 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के मैत्रीपूर्ण सुपर संडे फुटबॉल मैच में दुद्धी व महुली की टीम का शानदार मैच का आगाज रामलीला मैदान दुद्धी पर आयोजित हुआ, मैत्रीपूर्ण मैच के प्रथम इस प्रकार रोमांचक मैत्रीपूर्ण सुपर संडे फुटबॉल मैच में बराबरी पर दोनों टीमें रही रेफरी का दायित्व सुधीर कुमार द्वारा निभाया गया त् कार्यक्रम के संयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका आनंद प्रकाश द्वारा निभाया गया त् इस मौके पर संरक्षक जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स



पाली में महुली की टीम ने पहला गोल किया, ततपश्चा दुद्धी की टीम के खिलाड़ी हिमांशु नें प्रथम पाली में ही गोल कर एक-एक की बराबरी पर मैच पहुंचा दिया त् जलपान उपरांत दूसरी पाली में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी जबकि दोनों ही टीम के रेफरी ने पांच 5 मिनट का अतिरिक्त समय टीम को दिया टाईब्रेकर के बाद पेनाल्टी शूट आउट में भी रेफरी ने अवसर दोनों ही टीम को प्रदान किया यहां भी दोनों टीम ने बराबरी कर एक-एक गोल किए एकेडमी के अध्यक्ष शिव शंकर गुप्ता एडवोकेट, सचिव श्रवण कुमार कोषाध्यक्ष डॉक्टर इश्लामूल, उपेन्द्र तिवारी,हुदा,सेराज खान संगीता वर्मा, धर्मेंद्र प्रधान, राहुल अग्रहरि, बादल, आंसू, खुशबू, प्रियंका, पलक आदि दर्जनों खिलाड़ी मौके पर मौजूद रहे त् दर्शकों ने जमकर फुटबॉल का लुफ्त उठाया और क्रिकेट के खिलाड़ियों ने मैत्रीपूर्ण मैच में सहयोग व उत्साहवर्धन प्रदान किया।

# राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पूरी ने की शिरकत राहुल गांधी पर दि प्रतिक्रया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में समापन के दिन मुख्य अतिथि के रूप में आए हरदीप पुरी पहली बार नहीं था इससे पहले प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने एक ऑर्डिनेंस को और दिया था उसमें यही बातें लिखी थी गया है यह पहली बार नहीं है जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तब एक ऑर्डिनेंस आया था वो ऑर्डिनेंस उन्होंने फाड दी थी । वह ऑर्डिनेंस क्या है












उन्होंने राहुल गांधी पर कमेंट करते हुए कहा कि हम लोगों ने यूके जाने के लिए प्लान नहीं बनाया था और ना ही उनको बाहर जाने के लिए बढ़ा दिया था उन्होंने यहां तक कहा कि वह भाजपा के लिए स्टार कंटेनर हैं और भाजपा के खिलाफ जो भी आता है उसका फल उसे मिलता है इसके लिए भाजपा को मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ती है यह बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कही । ञ्द 1ः- तीरंदाजी प्रतियोगिता में आए सभी खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन करते हुए थे फेवरेट हाउ इज द जोश के नारे लगाते हुए केंद्रीय मंत्री हरदी पूरी दिखे लेकिन यही जो दिखाते हुए राहुल गांधी पर जबरदस्त हमला बोला और हमले में यहां तक कह दिया कि वह भाजपा के स्टार कंपनी उन्होंने कहा कि यह जिस किसी विधायक सांसद को 2 साल की सजा सुनाई जाती है उसकी सदन से सदस्यता समाप्त हो जाएगी उसको उन्होंने तार दिया ऐसे में उनको उनकी करनी का फल मिल गया। ञ्द 2ः- केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि विशिष्ट स्टेडियम तियरा में तीरंदाजी इंस्टिट्यूट बनाया जाएगा और इसके लिए उनके मंत्रालय द्वारा जो भी संभव मदद होगी वह कराया जाएगा ।ँब्र- हरदीप सिंह पूरी ञ्द 3ः- कॉमेंटेटर है उन्होंने कहां के इस पर भाजपा को अपील फाइल करनी चाहिए । भाजपा का स्टार कम्पेनर है वह पता है ना आपको किसकी बात कर रहा हूं । उसको डिसक्वालीफाई कर दिया गया है । उसके खिलाफ किसी ने कहीं मुकदमा दर्ज करा दिया है । यह डेशस्टिनेशन का केश है डेशस्टिनेशन के केश में आपका हो पता है उसने यही था कि किसी को अगर 2 साल की सजा होती है उसकी सदन से सदस्यता बर्खास्त कर दी जाएगी । भाई साहब वह ऑर्डिनेंस आ गई भाजपा या कोई हो तो उसके सपोर्ट में करना चाहिए था । अपील के लिए समय मिला है । इस पर सजा मिलती है । लेकिन जो मेहनत करता है उसका फल मिल जाता है भाजपा के लोग मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ती है । मैंने उनका बयान नहीं सुना है । हमने प्लान नहीं बनाया था कि वह यूके जाने का वहां पर सब बात करें । इसके अलावा आप गए बाहर जाने का ना हमने भाड़ा दिया । यह आपका अधिकार है डेमोक्रेसी में सब का बोलने का अधिकार है ।

# थाना चोपन पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 25.03.2023 को थाना चोपन पुलिस द्वारा वाद सं0-171/2017 धारा 128 सीआरपीसी से सम्बन्धित प्रकरण में 01 नफर वारण्टी अभियुक्त नूरआलम पुत्र निजामुद्दीन, निवासी- पैराडाइज टेलर्स कस्बा चोपन, थाना, जनपद सोनभद्र, को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तार अभियुक्त-** 01. नूरआलम पुत्र निजामुद्दीन, निवासी- पैराडाइज टेलर्स कस्बा चोपन, थाना, जनपद सोनभद्र **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-** 01.प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र । 02.उ0नि0 नवनीत कुमार चौरसिया, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र । 03.का0 जितेन्द्र कुमार, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र । 04.का0 सुनील यादव, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र ।



# प्रदेश के सबसे बड़ी शोभायात्रा इस बार भगवान श्री राम के भक्तों की सक्रियता से और भव्य होगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** प्रदेश के सबसे बड़ी शोभायात्रा इस बार भगवान श्री राम के भक्तों की सक्रियता से और भव्य होगा। यह जानकारी भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं संस्थापक मनोज श्रीवास्तव ने नगर के बरियाघाट स्थित द सिटी लान में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा संगमोहाल से निकलेगी। उसकी तैयारी में कार्यकर्ता जुट गए हैं। नगर के विभिन्न स्थानों पर बैठक कर सुरक्षा प्रमुख, सज्जा प्रमुख, व्यवस्था प्रमुख, मोटरसाइकिल जन जागरण के लिए वाहन प्रमुख अभियान में लगे है। 30 मार्च के पूर्व 27 मार्च को दोपहर 2 बजे रेलवे स्टेशन से जन जागरण के लिए मोटरसाइकिल यात्रा निकलेगी।



# सरकार कि मन्सा के विपरीत काम करते नजर आरहे है , अधिकारी श्याम नारायण

## कमीशन को बडाने के लिए देरहे है दबाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी चोपन और कोन,ने सभी प्रधानों और सचिवों को बुलाकर ,कमीशन बढ़ाने के लिए वार्ता हुई कोन थाना क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधान को ग्राम विकास ये सभी बाते चर्चा का विषय है की विकास खंड कोन के सभागार में बैठक न करके एक प्राइवेट जगह पर मनरेगा अधिकारियों , द्वारा भ्रष्टाचार का बढ़वा दिया जा रहा है। इस बैठक में खंड विकास अधिकारी को शामिल न प्रतिशत की बचत होनी चाहिए इस तरह से निर्माण कार्य का फंड आधा कमिशन में और आधा निर्माण में खर्च होता है।' आगे बताते हैं, ङ्मनरेगा के पक्के कामों में बीडीओ बिना कमीशन लिए काम नहीं करता है,




अधिकारी द्वारा दिनांक 20 मार्च को एक आवश्यक बैठक को बुलाया बैठक भी किसी की निजी जगह में ग्राम प्रधान ने आरोपों लगाया की हम सभी का सबसे पहले मोबाइल बंद करा दिया गया अब शुरू हुआ कमिशन बढोत्तरी की बात , विकास कार्य कराने के नाम पर मोटा कमीशन बढाने को कह रहे अधिकारी वही समाजसेवी श्याम नारायण त्रिपाठी ने बताया कि मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी चोपन और कोन,ने सभी प्रधानों और सचिवों को बुलाकर ,कमीशन बढ़ाने के लिए वार्ता हुई। सभी सचिव,प्रधानों की मोबाइल बंद करवा दिया गया था। जिससे प्रधानों में आक्रोश व्याप्त है। करना चिंतनीय है।वही समाजसेवी श्याम नारायण पाठक ने भडकते हुए कहा की क्षेत्र में विकास की बैठक नहीं सिर्फ कमिशन की चिंता है जब सबका कमीशन तय है, पंचायत के निर्माण कार्यों में ब्लाक का सीधा कमीशन है, जिसमे कुछ प्रतिशत खंड विकास अधिकारी को, कुछ प्रतिशत इंजीनियर और जेई को व कुछ प्रतिशत सहायक विकास अधिकारी पंचायत को जाता है। कुछ ही प्रतिशत प्रधान का कमीशन रहता है, जिसमे प्रधान और पंचायत सचिव का आधा-आधा हिस्सा होता है, निर्माण कार्य का लगभग बीस प्रतिशत कमीशन में और फिर ठेकदार को भी बीस से पचीस पंचायत सचिव एजेंट की तरह कई जगह काम करता है। कमीशन नहीं दिया तो काम पास ही नहीं होगा, हो गया तो बिल नहीं आएगा, थोड़ी राहत तो आनलाइन व्यवस्था होने के बाद से काफी हद तक लगाम लगी है, लेकिन अभी और काम करने की जरुरत है।'जिलाधिकारी सोनभद्र से मांग कर रहा हूँ की कम से कम इस गरीब क्षेत्र में ऐसा बैठक कर कमिशन की बात न करे और गंभीरता पूर्वक जांच करे कुछ फोटो है जब जरूरत होगा पेश करूँगा लेकिन इस संदर्भ में जांच अवश्य हो ताकि भविष्य में पूर्णवृत्ति ना हो।

# जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** तहसील चुनार में प्राप्त 75 प्रार्थना पत्रों में 05 का मौके पर किया गया निस्तारण मीरजापुर 18 मार्च 2023- शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील चुनार में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस एवं उप जिलाधिकारी न्यायिक चुनार के द्वारा आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 75 प्रार्थना पत्रों में से 05 का मौके पर निस्तारण करते हुये शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित करते हुये गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप काम करते हुए फरियादियों को त्वरित



न्याय दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग संबंधी शिकायतों का निस्तारण गंभीरता से समय सीमा के भीतर करें। समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद, पुलिस विभाग, आवासीय पट्टों और आवास आवंटन से संबंधित रही। तहसील दिवस में मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष फरियादी भागमनी देवी पत्नी प्रभू नरायन निवासी मुकुन्दपुर थाना कंछवा जनपद मीरजापुर के द्वारा अवगत कराया गया कि प्रार्थिनी के बड़े पुत्र अजय गुप्ता का तलाक होने जाने के उपरान्त सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी के द्वारा तलाक फर्जी तरीके उसकी सम्पत्ति नाम दर्ज करा लिया गया हैं, जिस पर स्थलीय व अभिलेख परीक्षण कर सम्बान्धित को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

आधुनिक समाचार
हिन्दी साप्ताहिक



# आईपीएल इतिहास में अपनी पहली गेंद पर विकेट चटका चुके हैं ये घातक गेंदबाज लिस्ट में 'बेबी मलिंगा' का नाम भी शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियल लीग एक ऐसी लीग बन गई है, जिसे पूरी अपने डेब्यू मैच में पहली ही गेंद पर विकेट चटकाए है। इस लिस्ट में पहले नंबर पर है ईशांत शर्मा का नाम, विल्किन ने पंजाब टीम की तरफ से खेलते हुए सीएसके के सुरेश रैना को पहली ही गेंद पर आउट किया





दुनिया में पसंद किया जाता है। पिछले सीजन से दो नई टीमों के साथ इस लीग का रोमांच दोगुना हो गया है। आईपीएल के 16वें सीजन का आगाज 31 मार्च से होना है, जहां पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। बता दें कि इस सीजन भी कई बड़े रिकॉर्ड्स देखने को मिलने वाले है, जो फैंस को काफी इंटरटेन करेंगे। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं उन 3 खिलाड़ियों के बारे में जिन्होंने इस टूर्नामेंट में जिन्होंने आईपीएल के इतिहास में अपने डेब्यू मैच की पहली गेंद पर ही राहुल द्रविड़ का विकेट लिया था। ईशांत ने यह कारनामा केकेआर टीम की तरफ से साल 2008 में किया। उस मैच में ईशांत के अलावा अजित अगरकर ने 3 और अशोक डिंडा ने 2 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई थी लिस्ट में दूसरे नंबर पर है भारतीय तेज गेंदबाज विल्किन मोटा का नाम, जिन्होंने आईपीएल हिस्ट्री में अपनी पहली गेंद पर ही विकेट लिया था। साल 2008 में ही ईशांत शर्मा के बाद था। रैना ने उस मैच में 13 गेंदों पर 33 रनों की पारी खेली थी और विल्किन ने 2 विकेट चटकाए लिस्ट में विल्किन के बाद ऐसे 7 गेंदबाजों ने अपने डेब्यू मैच में पहली गेंद पर विकेट लिया, लेकिन हाल ही में आईपीएल के पिछले सीजन श्रीलंका के मथीशा पथिराना ने चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से अपने डेब्यू मैच में पहली गेंद पर विकेट चटकाया और ऐसा करने वाले वह 9वें गेंदबाज बने। उन्होंने गुजरात जायंट्स के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को आउट कर यह सफलता हासिल की।

# अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20आई सीरीज के लिए किया टीम का ऐलान दिग्गज खिलाड़ी की वापसी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। खान और निजात मसूद को रिजर्व में रखा गया है। अफगानिस्तान स्क्वाड में पूर्व कप्तान मोहम्मद नबी की वापसी हुई है। टी20 वर्ल्ड कप 2022 में अफगानिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद नबी ने कप्तानी से




अफगानिस्तान की टीम शारजाह में पाकिस्तान के खिलाफ तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की मेजबानी करेगी। दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला 24 मार्च को खेला जाएगा। 21 साल के अनकैप्ड खिलाड़ी सेदीकुल्लाह अटल को इंटरनेशनल डेब्यू करने का मौका मिल सकता है। अनुभवी बल्लेबाजों रहमत शाह और हजरतुल्लाह जजई को टीम से बाहर कर दिया गया है। नांगयाल खरोती के साथ जाहिर इस्तीफा दे दिया था। मगर उन्होंने साथ ही कहा था कि देश के लिए वो खेलते रहना चाहते हैं। हालांकि, यूएई के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज में नबी को बाहर करके प्रबंधन ने फैंस को चौंका दिया था। एसीबी के सीईओ नसीब खान ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी टीम का समर्थन किया और कहा कि चयनकर्ताओं ने सीरीज के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया है।

# यूपी वॉरियर्स को रौंदकर आईपीएल के फाइनल में पहुंची दिल्ली कैपिटल्स खिताब की ओर बढ़ाया मजबूत कदम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग का 20वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्स के बीच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में करते हुए दिल्ली टीम ने 17.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर ेंइ्थ् के फाइनल में जगह बनाई। दरअसल, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने आई दिल्ली कैपिटल्स (अत्प्ा् ऐर्ज्रेत)



दिल्ली कैपिटल्स ने यूपी टीम को 5 विकेट से करारी शिकस्त देते हुए फाइनल में जगह बना ली है। बता दें कि दिल्ली की कप्तान मेग लैनिंग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी वॉरियर्स ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाए। इसके बाद 139 रनों का पीछा की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाए। टीम की तरफ से ताहिला मैक्ग्रा ने 32 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 58 रनों की पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। उनके अलावा एलिसा हीली ने 36 रन, श्वेता सहरावत ने 19 और सिमरन शेख ने 11 रन बनाए वहीं, किरण नवगिरे ने 2, दीप्ति शर्मा ने महज 3 रन बनाए। ऐसे में पूरी टीम रन बनाने में फ्लॉप नजर आई। दिल्ली टीम की तरफ से ऐलिस कैप्सी ने 3 विकेट, जबकि राधा यादव ने 2 और जेस जॉनसन को एक सफलता मिली। इसके बाद 139 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स टीम की कप्तान मेग लैनिंग ने 23 रनों का सामना करते हुए 39 रनों की पारी खेली। शेफाली वर्मा ने 16 गेंदों पर 21 रन बनाए। मैच में जेमिमा रोड्रिग्स का बल्ला खामोश नजर आया। जेमिमा महज 3 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू आउट हुई इसके मरिजान कैप और एलिस कैप्सी ने टीम की पारी को संभाला और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 60 रनों की साझेदारी हुई। कैप्सी ने 34 रन बनाए। जेस जोनासेन बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटी। मरिजान कैप ने 34 रनों की पारी, तो अरुंधति रेड्डी बगैर खाता खोले नाबाद रहीं इस तरह से दिल्ली ने 17.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल करते हुए यूपी को 5 विकेट से हराया और ेंइ्थ् के फाइनल में एंट्री की। दिल्ली टीम ने जीत के साथ ही प्वाइंट्स टेबल के पहले स्थान पर कब्जा किया। टीम 8 मैच में से कुल 6 में जीत के साथ 12 अंक से साथ पहले पायदान पर विराजमान है।

# यूपी वॉरियर्स ने क्वालीफाई करके इन टीमों का काटा पत्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग के पहले सीजन के प्लेऑफ की तस्वीर साफ हो गई है। 20 मार्च को गुजरात से। दरअसल, महिला प्रीमियर लीग के पहले सीजन के प्लेऑफ के लिए यूपी वॉरियर्स, दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस ने क्वालीफाई कर लिया में नाकाम रही। इसके साथ ही आरसीबी और गुजरात का ेंइ्थ् का सफर खत्म हो गया। बता दें कि आरसीबी टीम ने महिला आईपीएल



के पहले सीजन में लगातार 5 मैच गंवाए थे, लेकिन इसके बाद 2 मैचों में जीत हासिल की। 1. मुंबई इंडियंस- 6 मैच- 5 जीत- 1 हार-10 अंक-नेट रनरेट-2.670 2. दिल्ली कैपिटल्स- 6 मैच-4 जीत- 2 हार-8 अंक-नेट रनरेट -1.431 3.यूपी वॉरियर्स- 7 मैच-4 जीत- 3 हार- 8अंक- नेट रनरेट-(-0.063) 4. रॉयल चैंलेंजर्स बैंगलोर- 7 मैच- 2 जीत-5 हार-4 अंक-(-1.044) 5. गुजरात

जायंट्स और यूपी वॉरियर्स के बीच खेले गए मुकाबले में यूपी टीम ने 3 विकेट से मैच जीतकर प्लेऑफ में अपनी जगह बना ली है। इस मैच में यूपी टीम की जीत के बाद गुजरात और आरसीबी टीम कों ेंइ्थ् का सफर खत्म हो चुका है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं महिला प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में प्लेऑफ में पहुंचने वाली टीम और प्लेऑफ के शेड्यूल के बारे में विस्तार है। बता दें कि 20 मार्च को यूपी ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले गए 17वें मैच में एक गेंद रहते 3 विकेट से जीत दर्ज की। पहले से ही 6 प्वाइंट्स के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर मौजूद यूपी को आखिरी 2 मैच में सिर्फ एक जीत की जरूरत थी, जबकि गुजरात के लिए अपने आखिरी मैच को काफी बड़े अंतर से जीतना था, लेकिन, गुजरात की टीम ऐसा करने जायंट्स-8 मैच-2 जीत-6 हार-4 अंक-( -2.220)1. 24 मार्च- एलिमिनेटर मैच- 7:30 बजे-डीवाई पाटिल स्टेडियम, मुंबई 2. 26 मार्च- फाइनल मुकाबला- 7:30 बजे- ब्रेबोर्न स्टेडियम अगर बात करें महिला प्रीमियर लीग के फॉर्मेट की तो बता दें कि पहले सीजन में 5 टीमों ने टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। ऐसे में लीग स्टेज के बाद जो टीम प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर रहेगी।

# 10 साल से एक भी आईसीसी ट्रॉफी क्यों नहीं जीत पाई, इस पूर्व दिग्गज ने बताई भारत के नाकाम होने की वजह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साल 2013 के बाद से भारतीय टीम एक भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत सकी है। टीम इंडिया के कई बड़े स्टेज में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने की वजह से उन्होंने सेमीफाइनल में तो कई बार अपनी टीम नॉकआउट मुकाबलों में अलग तरीके से खेलती है और खुद पर प्रेशर डालती है, जिसके चलते टीम को इन अहम मुकाबले में हार का सामना करना पड़ता है दरअसल, एक इंटरव्यू के दौरान मोहम्मद हफीज ने भारतीय टीम के बड़े स्टेज में हारने



जगह बनाई, लेकिन उसके बावजूद टीम इस ट्रॉफी को अपने नाम नहीं कर पाई इस कड़ी में पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर खिलाड़ी मोहम्मद हफीज ने भारतीय टीम की कमजोरी बताते हुए एक बयान दिया है। हफीज का मानना है कि भारतीय को लेकर एक बयान दिया। उन्होंने इस दौरान कहा कि ये बताना बहुत ही मुश्किल है कि घ्ण्ण् के नॉकआउट मुकाबले में खेलने का दबाव कैसा होता है। भारत इस प्रेशर के कारण हार का सामना कर रहा है। उन्होंने कई अहम मुकाबलों में हार का सामना किया है बता दें कि साल 2017 में भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला हारा और 2022 टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही हाफिज ने कहा कि यह भारत के लिए चिंता का विषय है। अब उन्हें दुनिया को यह बताना है कि वो भी बड़े इवेंट्स में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं और वो भी बिना दबाव के साथ। उन्होंने आगे कहा, 'आप घरेलू क्रिकेट की तुलना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से नहीं कर सकते। इसी तरह आप द्विपक्षीय सीरीज खेलने के दबाव की तुलना आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट से नहीं कर सकते। हमने 2022 का विश्व कप देखा है कि भारत दबाव को संभालने में सक्षम नहीं रहा है। वे अहम मैच हारे, सेमीफाइनल हारे और यहां तककि क्वालीफाई भी नहीं कर सके।' हफीज ने यह भी कहा कि भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत हमेशा से हॉट-फेवरेट रहा है। यह भारत के लिए एक प्लस पॉइंट है और इसकी नींव गांगुली के युग में रखी गई थी जब टीम में ये विश्वास रखा गया था कि वे एक विश्व विजेता बन सकती हैं। इस विश्वास को आगे महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली ने बनाए रखा।

# विराट-राहुल के बाद बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने पहुंचा एक और भारतीय क्रिकेटर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल के 16वें सीजन के आगाज की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। 31 मार्च से शुरू होने वाली इस लीग के लिए 10 टीमें जोरों-शोरों से तैयारियों में जुटी है। इस बीच आईपीएल से पहले भारतीय टीम के अनुभवी स्टार गेंदबाज उमेश यादव ने 20 मार्च को बाबा महाकाल के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। बता दें कि आईपीएल के आगामी सीजन में उमेश केकेआर टीम की तरफ से खेलते हुए नजर



आएंगे, लेकिन पिछले कुछ समय पहले उनपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। उन्होंने 23 फरवरी को अपने पिता को खोया। उस वक्त वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेल रहे थे। दरअसल, टीम इंडिया के तेज गेंदबाज उमेश यादव 20 मार्च को महाकाल भस्म आरती में शामिल हुए। भस्माआरती के बाद वह गर्भगृह में पहुंचे और जलाभिषेक कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। ऐसे में आईपीएल 2023 से पहले उमेश की पूजा अर्चना की तस्वीरें तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। बाबा महाकाल के दर्शन के बाद उमेश ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बाबा से उन्होंने देश दुनिया में सुख शांति बने रहने की प्रार्थना की। बाबा महाकाल से उन्होंने सभी की मनोकामना पूर्ण होने की भी दुआ मांगी। बता दें कि टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से पहले जनवरी 2023 में महाकाल के दर्शन करने उज्जैन पहुंचे थे। इसके बाद न्यूज़ीलैंड के खिलाफ सूर्या ने आतिशी पारी खेली थी। उन्होंने 47 रन बनाए थे। इसके बाद पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने 4 मार्च को मंदिर का दौरा किया और बाबा महाकाल का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने 'भस्म आरती' में भी शामिल हुए और मंदिर के गर्भगृह में जलाभिषेक किया। इससे पहले अक्षर पटेल और उनकी पत्नी ने पिछले महीने मंदिर जाकर बाबा महाकाल की पूजा की थी। वहीं, केएल राहुल और बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी ने भी मंदिर जाकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया।



# राशीफल



**मेष-:** आप आने वाले दिनों की प्लानिंग करेंगे। आज मेहनत आपको पॉज़िटिव रिज़ल्टस दिलाएगी। बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा। किस्मत आपके साथ रहेगी।



**वृष-:** इस सप्ताह अपने निर्णयों पर दृढ़ रहें और दूसरों के विचारों से प्रभावित ना हों। अच्छा होगा कि आप अपने ही विचारों को सुने। किसी भी व्यक्ति को अपने ऊपर उसके विचार थोपने ना दें।



**मिथुन-:** किसी ऊँचे और ख़ास इंसान से मिलते समय घबराएँ नहीं और आत्मविश्वास बनाए रखें। यह सेहत के लिए उतना ही ज़रूरी है, जितना काम-धंधे के लिए पैसा।



**कर्क-:** इस सप्ताह जीवनसाथी के साथ विदेश यात्रा का प्लान बना सकते हैं। इस राशि के संगीतकार या वेब डिजाइनर्स के करियर में आज राजयोग की स्थिति बन रही है।



**सिंह-:** किसी विवाद से बचें। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजमर्रा की समस्याएं आसानी से सुलझ सकती हैं। महत्वपूर्ण फैसले लेना चाहते हैं, तो आज ले सकते हैं।



**कन्या-:** इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। काम जोश के साथ करेंगे।



**तुला-:** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों की खरीददारी कर सकते हैं।



**वृश्चिक-:** इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें। किसी पुराने दोस्त से संपर्क हो सकता है।



**धनु-:** नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।



**मकर-:** परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**कुंभ-:** मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर विजय मिलेगी।



**मीन-:** पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में रुचि रहेगी।








# आईपीएल 2023 से पहले के के आर के इस गेंदबाज ने उड़ाई बल्लेबाजों की नींद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन का आगाज 31 मार्च से होने जा रहा है। लीग की शुरुआत से पहले ही कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिन गेंदबाज सुनील नरेन ने बल्लेबाजों के मन में खौफ पैदा कर दिया है। दरअसल, कैरेबियाई स्पिनर ने लोकल टूर्नामेंट में ऐसा स्पैल फेंका है, जिसके नंबर्स देखकर बड़े से बड़े बल्लेबाज अपना सिर पकड़ लेंगे। इसके साथ ही अगर आप क्रिकेट के फैन हैं, तो आपको अपनी आंखों पर यकीन नहीं होगा। दरअसल, क्वीन्स पार्क क्रिकेट क्लब की ओर से खेलते हुए सुनील नरेन ने सात ओवर के स्पैल में विपक्षी टीम का काम तमाम कर दिया। कैरेबियाई बॉलर ने सात ओवर के स्पैल में एक भी रन नहीं खर्च किया और उनके इस कमाल की वजह से विरोधी टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 76 रन पर सिमट गई। सुनील की शानदार फॉर्म के बाद उनकी खूब तारीफ की जा रही है। इस मैच में उनके अलावा शॉन हैकलेट ने 18 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

# सचिन तेंदुलकर ने वीरेंद्र सहवाग को बल्ले से मारा था, सिर्फ इस बात पर झल्ला गए थे मास्टर ब्लाटर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व विस्फोटक ओपनर वीरेंद्र सहवाग का एक इंटरव्यू इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। सहवाग ने इस इंटरव्यू में कई मजेदार खुलासे किए हैं। वीरू ने पसंद था। वो ऐसा इसलिए करते थे ताकि बुरे ख्याल मन में नहीं आएं। वीरू की इस आदत से टीम के साथी भी अच्छी तरह वाकिफ थे, लेकिन एक ऐसा पल आया जब सचिन तेंदुलकर उनसे नाराज हो गए थे।



यूट्यूब पर द रणवीर शो में महान बल?लेबाज सचिन तेंदुलकर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया है। सहवाग ने 2011 वर्ल्ड कप की एक घटना बताई जब सचिन तेंदुलकर ने उन्हें बल्ले से मारा था। ऐसा इसलिए क्योंकि वीरेंद्र सहवाग अपने गाने गुनगुनाने में व्यस्त थे और सचिन तेंदुलकर से बातचीत नहीं कर रहे थे। यह तो फैंस अच्छी तरह जानते हैं कि वीरेंद्र सहवाग को बल्लेबाजी करते समय गीत गुनगुनाना कितना सहवाग ने कहा, 'हर किसी का आराम करने और ध्यान लगाने का तरीका अलग होता है। हमें इसे ढूंढना होता है। सचिन तेंदुलकर संभवतः बल्लेबाजी करते हुए गा नहीं सकते थे। उन्हें बातें करना पसंद था।' वीरू ने आगे कहा, '2011 वर्ल्ड कप की बात है। हम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच खेल रहे थे। मैं अच्छे मूड में था और गाने गा रहा था क्योंकि रन आ रहे थे। हमने 5 ओवर में कुल 50-60 रन बना दिए थे। जब हम ओवर के अंत में मिले तो बस ग्लव्स पंच करके अपना गाने लगता था। मैं गा रहा था- चला जाता हूं किसी की धुन में।' सहवाग ने कहा, 'सचिन तेंदुलकर ओवर के बाद बातचीत करना चाहता थे। उन्होंने पहले ओवर और दूसरे ओवर में इंतजार किया। तीसरे ओवर के बाद उन्होंने मुझे बल्ला मार दिया फटाक आवाज आई। मैं हैरान रह गया। उन्होंने कहा, 'मुझसे बात कर।' मैंने तेंदुलकर ने कहा कि मैं अच्छे मूड में हूं, गाने गा रहा हूं तो चौके आ रहे हैं। मैं बात नहीं करना चाहता हूं। आप बस कह रहे हैं शाबाश शाबाश। उन्हें बात करना पसंद है। वीरेंद्र सहवाग ने साथ ही तेंदुलकर के ज्ञान के बारे में बातचीत की और कहा कि इसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, 'क्रिकेट के बारे में तेंदुलकर का ज्ञान कुछ अलग है। वो कहते थे कि गेंदबाज अब फुल लेंथ की गेंद डालेगा, जो तेरे पैड पर लगेगी। मैं कहता था- अरे आप क्या बोल रहे हो अगली गेंद जैसा उन्होंने बताया था, वैसे ही आई।वीरू ने कहा, 'भाग्य की बात रही कि मेरा बल्ला बीच में आ गया। उन्हें पता है कि गेंदबाज क्या सोच रहा है वो सोचता है कि अगर सहवाग को गेंदबाजी की तो कैसी गेंद डालनी है। तेंदुलकर ने कहा देखना बाउंसर आ रही है, ध्यान से। इतना अनुभव, क्रिकेट के प्रति ज्ञान उन्हें सबसे अलग बनाता है।

26.03.2023.pmd 7 3/26/2023, 2:26 PM

# मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' ने तू झूठी, मैं मक्कार को दी टक्कर, 'ज्विगाटो' की सर्विस रद्द

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** जल्द ही अजय देवगन की फिल्म 'भोला' रिलीज होने वाली है। हालांकि, उससे पहले बॉक्स ऑफिस पर तीन फिल्मों के बीच कड़ी टक्कर चल रही है। एक तरफ जहां कपिल शर्मा की फिल्म 'ज्विगाटो' बॉक्स ऑफिस पर लगातार संघर्ष कर रही है, तो वहीं रानी मुखर्जी की फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' रणबीर की फिल्म 'तू झूठी, मैं मक्कार' के आगे झुकने को बिल्कुल भी तैयार नहीं है।रानी के जन्मदिन यानी कि 21 मार्च को उनकी फिल्म की कमाई में उछाल देखने को मिला। मंगलवार को इन तीनों फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर क्या हाल रहा, जानिए पूरी रिपोर्ट। रानी का जन्मदिन उनकी फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' के लिए लकी साबित हुआ। बॉक्स ऑफिस पर उनकी फिल्म में काफी उछाल देखने को मिला। सोमवार को जहां फिल्म महज 91 लाख की कमाई ही कर पाई थी, लेकिन मंगलवार को रानी की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों में कमाई की। इस फिल्म का मंगलवार का कलेक्शन 1.03 करोड़ के करीब हुआ और फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस फिल्म अब तक 8.36 करोड़ के करीब कमाई कर ली है। इसके अलावा दुनियाभर में फिल्म ने 14.45 करोड़ का कारोबार किया। एक तरफ जहां रानी मुखर्जी की फिल्म 'मिसेज चटर्जी, वर्सेज नॉर्वे' बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की, तो वहीं दूसरी तरफ कपिल शर्मा की फिल्म 'ज्विगाटो' की बॉक्स ऑफिस सर्विस रद्द हो गई। इस फिल्म ने सोमवार को महज 26 लाख रुपये की कमाई की थी, लेकिन मंगलवार को तो ये फिल्म कुछ भी कमाई नहीं कर पाई। जिस हिसाब से इस फिल्म को तारीफ मिल रही थी, उस हिसाब से ये फिल्म कुछ भी कमाई नहीं कर पाई। बॉक्स ऑफिस पर रणबीर कपूर-श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म 'तू झूठी, मैं मक्कार' काफी अच्छी कमाई कर रही है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 167 करोड़ के आसपास कमाई कर ली है और जिस रफ्तार से ये रॉम-कॉम फिल्म आगे बढ़ रही है, ये कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि फिल्म जल्द ही 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी। इसके अलावा घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म की रफ्तार बढ़ रही है। मंगलवार को रणबीर कपूर की फिल्म ने टोटल 2.73 करोड़ की कमाई की और घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने अब तक 114.27 करोड़ की कमाई कर ली है।




# ऐसे गांव की कहानी, जो 1947 में आजादी के बाद भी रहा 'गुलाम', रोंगटे खड़े कर देगा ट्रेलर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा की अनगिनत फिल्मों की पृष्ठभूमि ब्रिटिश हुकूमत के जुल्मो-सितम, आजादी की लड़ाई और वीरों की शहादत रही है। तमाम कहानियों में अलग-अलग नजरिए से भारतीय इतिहास की सबसे अहम घटना को पिरोया गया है। नाटू नाटू के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाली फिल्म आरआरआर की कहानी भी ब्रिटिश हुकूमत से जंग की बैकग्राउंड में दिखायी गयी है। अब दक्षिण भारत से इस विषय पर बिल्कुल अलग कहानी आ रही है, जिसका शीर्षक है- 16 अगस्त, 1947। इस फिल्म का निर्माण तमिल सिनेमा के दिग्गज निर्देशक एआर मुरुगादौस ने किया है, हिंदी पट्टी में आमिर खान की फिल्म गजनी के लिए जाने जाते हैं। 16 अगस्त 1947 पैन इंडिया फिल्म है, जो दक्षिण भारतीय भाषाओं के साथ हिंदी और अंग्रेजी में भी रिलीज की जा रही है। इसका ट्रेलर मंगलवार को रिलीज कर दिया गया। जैसा कि फिल्म के शीर्षक से जाहिर है। इसकी कहानी देश को आजादी मिलने के एक दिन बाद के हालात हो दिखाती है। 15 अगस्त, 1947 को देश ब्रिटिश सरकार की गुलामी से आजाद हुआ था। फिल्म में गौतम कार्तिक और डेब्यूटेंट रेवती लीड रोल में हैं। ट्रेलर की शुरुआत सेंगाडु गांव से होती है, जिसे कैपिटल ऑफ स्लेवरी यानी गुलामों की राजधानी कहा जाता है। यहां के लोग अंग्रेज मालिक के गुलाम हैं। देश को आजादी मिल जाती है, मगर इन लोगों को अपनी आजादी के लिए लड़ना पड़ता है। फिल्म का निर्देशन एनएस पोनकुमार ने किया है।16 अगस्त, 1947 सात अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का तमिल ट्रेलर कार्ती ने सोशल मीडिया में शेयर किया है। ट्रेलर को काफी किया जा रहा है। मुरुगादौस ने फिल्मों का निर्माण करने के साथ निर्देशन भी किया है।




# 29 साल की हुई उर्वशी रौतेला जन्मदिन की बधाई देते हुए फैंस ने फोटो पर लिखा- हैप्पी बर्थडे मिस पंत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** फिल्म एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपना 29 वां जन्मदिन मना रही हैं। अब उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर की है। इसमें मल्टी टायर केक के साथ बलून से सजा हुआ घर भी नजर आ रहा है। तस्वीरों में उन्होंने डीप नेक थाई हाई वन पीस ड्रेस पहन रखी है। उन्होंने फूलों का गुलदस्ता ले रखा है और वह किलर स्माइल देती हुई नजर आ रही है। उर्वशी रौतेला ने तस्वीरें 7 घंटे पहले शेयर की है, जिसे 1 लाख 30 हजार के करीब लाइक्स मिले हैं। वहीं, तस्वीरों पर 21 सौ कमेंट किए गए हैं। कई लोगों ने तस्वीरों पर दिल और आग की इमोजी भी शेयर की है। उर्वशी रौतेला ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'बर्थडे ग्लो।' कई लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। वहीं, कई लोगों ने इसे लेकर उन्हें ट्रोल किया है। एक ने लिखा है, 'कितना पिंक कलर पसंद है लड़कियों को।' एक ने लिखा है, 'हैप्पी बर्थडे।' एक ने लिखा है, 'लो यह डिब्बा, इसमें थोड़ा केक ऋषभ भैया के लिए रख दो। वह आ नहीं पाए।' एक ने लिखा है, 'हैप्पी बर्थडे मिसेस पंत।' एक ने लिखा है, 'उर्वशी आपकी स्वीटनेस हर दिन बढ़ते ही जा रही है।' गौरतलब है कि उर्वशी रौतेला को ऋषभ पंत को लेकर जमकर ट्रोल किया गया था। दरअसल उर्वशी रौतेला ने एक इंटरव्यू में कहा था कि होटल की लॉबी में ऋषभ पंत रात भर उनका इंतजार करते रहे है। इस पर ऋषभ पंत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि कुछ लोग फेमस होने के लिए कुछ भी कह देते हैं। उर्वशी रौतेला फिल्म एक्ट्रेस है। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर काफी पसंद की गई है।



# उर्फी जावेद ने बोल्डनेस में तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड कीवी से ढका बदन, भूख लगने पर खा गईं पूरा फल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** उर्फी जावेद को अतरंगी फैशन सेंस के मामले में कोई टक्कर नहीं दे सकता। यह एक्ट्रेस उन चीजों से बने कपड़े पहनती हैं, जिसके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता। कभी वह सिर्फ घड़ी से बनी स्कर्ट पहनती हैं, तो कभी मोबाइल को लटकाकर बदन ढकती हैं। उर्फी जावेद कुछ भी पहनें, वह अपने कपड़ों के जरिये लोगों का ध्यान खींचना अच्छी तरह जानती हैं। हर बार की तरह इस बार भी एक्ट्रेस एक नए अंदाज में हाजिर हुईं और हमेशा की तरह लोगों ने उनके फैशन सेंस पर उन्हें ट्रोल कर दिया। उर्फी ने शेयर किया यह वीडियो किसी भी मटेरियल से अपने कपड़े बनाने वाली उर्फी जावेद ने इस बार कीवी फल से अपने बदन को ढकने का प्रयास किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर खुद का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें यह देखा जा सकता है कि वह कीवी फल की गोल स्लाइस काटकर और उसे धागे में पिरोकर उन्होंने उसे टॉप बनाकर पहना है।लुक को कंप्लीट करने के लिए उन्होंने ब्लैक फुल लेंथ पैंट पहनी हुई है। वहीं, मेकअप के नाम पर उन्होंने न्यूड लिपस्टिक और आंखों को आईलाइनर से हाईलाइट किया है। उर्फी जावेद के इस वीडियो पर कुछ यूजर्स ने उनके बोल्ड फैशन सेंस की तारीफ की है, तो कुछ ने हमेशा की तरह उन्हें खरी खोटी सुनाई। एक ने लिखा, ''यह लड़की पैसों के लिए कुछ भी कर सकती है।'' एक यूजर ने उन्हें उनके साथ एडल्ट वीडियो बनाने का ऑफर तक दे दिया। कई यूजर्स ने इस वीडियो पर चुटकी लेते हुए कॉमेडी कमेंट किए हैं। उर्फी के एक फैन ने लिखा, ''मेरी जान मोमोज और बर्गर भी खा लो।'' एक ने लिखा, ''60 रुपये में दो कीवी, वाह यह तो सस्ता ड्रेस है।



# जादू-टोना और वशीकरण पर आधारित है खेसारी लाल यादव की 'मेरे नैना तेरे नैना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भोजपुरी सिनेमा के हिट मशीन कहे जाने वाले सुपरस्टार खेसारी लाल यादव इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'मेरे नैना तेरे नैना' की चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म का ट्रेलर और फर्स्ट लुक हाल ही में रिलीज हुआ है। इस 'मेरे नैना तेरे नैना' फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ खुशबू शर्मा, कामाक्षी ठाकुर, नीना चीमा, रितु शर्मा, निशिकांत दीक्षित और चुन्नू मेहरा मुख्य भूमिका में है। इस फिल्म की कहानी का कथानक जादू टोना और वशीकरण पर आधारित है। फिल्म के ट्रेलर के हिसाब से इसकी कहानी एक अलग ही लेवल की नजर आ रही है। यह फिल्म अवधि में है। फिल्म रहस्यमयी कहानी पर आधारित है। फिल्म 'मेरे नैना तेरे नैना' में ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया गया है, जिसे हिंदी के लोग भी आसानी से समझ सकते हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक भी कुछ ऐसा ही है। इस फिल्म में स्पेशल अपीरियंस में रवि भाटिया नजर आ रहे हैं, जो 'जोधा अकबर' में सलीम की भूमिका से फेमस हुए थे। आकृति इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत फिल्म 'मेरे नैना तेरे नैना' का ट्रेलर वेब म्यूजिक के यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस ट्रेलर को काफी पसंद किया गया है। फिल्म के निर्माता निर्देशक लाल विजय शाहदेव हैं, जबकि निर्माता राकेश डांग और दीपक सिंहल हैं। सह निर्माता अमृता शाहदेव व मधुकर वर्मा, लेखक लाल विजय शाहदेव व केदार धारवाडकर हैं।

# कियारा और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अवार्ड नाइट में लिया भाग

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा को शनिवार को एक अवॉर्ड फंक्शन में भाग लेते गया। दोनों ने एक साथ पोज नहीं किया। हालांकि, दोनों काफी खूबसूरत लग रहे थे। कियारा आडवाणी ने इस अवसर पर साड़ी पहन रखी थी। वहीं, सिद्धार्थ मल्होत्रा सूट में नजर आए। दोनों ने अलग-अलग एंट्री ली और पैपराजी के आगे पोज करते नजर आ रहे थे कियारा आडवाणी ने काले रंग की साड़ी पहन रखी थी। वहीं, उनके बाल खुले हुए थे। वह कैमरे की ओर देखकर मुस्कुरा रही हैं। वहीं, सिद्धार्थ मल्होत्रा ने ग्रे कलर का सूट और ब्लैक शर्ट पहन रखा था। वह भी कैमरे की ओर देखकर मुस्कुराते नजर आए। ऐसा लग रहा है कि दोनों कार्यक्रम में अलग-अलग आए थ कियारा आडवाणी ने इसके पहले जानकारी दी थी कि शनिवार को उन्होंने काम करना शुरू कर दिया है और शादी के बाद यह उनका पहला प्रोजेक्ट है। इस अवसर पर सौंदर्या शर्मा, राजकुमार राव, राशि खन्ना, विद्या बालन, अनुपम खेर, भूमि पेडणेकर, अनिल कपूर, करण जौहर, हुमा कुरैशी जैसे लोगों ने भी भाग लिया गौरतलब है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने 7 फरवरी को शादी की है। दोनों ने अपने खास दोस्तों की उपस्थिति में राजस्थान के सूर्यगढ़ महल में सात फेरे लिए। इसके बाद दोनों ने मुंबई और दिल्ली में रिसेप्शन का आयोजन किया था। कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी जल्द सत्य प्रेम की कथा में नजर आएंगी। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की जोड़ी काफी फेमस है। दोनों एक-दूसरे को लंबे समय से डेट कर रहे थे। हालांकि, दोनों ने भी खुलकर अपने रिश्ते को स्वीकार नहीं किया था। अब दोनों एक-दूसरे के हो गए है।



# जब सारा ने टूटे दिल के साथ मां को बताई थी ब्रेकअप की बात अमृता सिंह ने यूं किया था रिएक्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** सारा अली खान को बॉलीवुड में अभी ज्यादा वक्त नहीं हुआ है। एक्ट्रेस ने फिल्में भी गिनती की है, लेकिन पॉपुलैरिटी के मामले में वो किसी सुपरस्टार से कम नहीं हैं। सारा अली खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म गैसलाइट का प्रमोशन कर रही हैं। गैसलाइट में उनके साथ विक्रांत मैसी और चित्रांगदा सेन लीड रोल में हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में अपने ब्रेकअप को लेकर बात की और ये भी बताया कि इस पर उनकी मां अमृता सिंह का क्या रिएक्शन था। सारा अली खान ने अब तक कभी भी पब्लिक में अपने रिलेशनशिप और ब्रेकअप की बात कबूल नहीं की है, लेकिन उनका नाम एक्टर कार्तिक आर्यन संग जुड़ चुका है। लव आज कल की शूटिंग के बाद दोनों के ब्रेकअप की खबरें भी सामने आई थी। हालांकि, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को लेकर मीडिया में कुछ नहीं कहा। सारा अली खान से जब उनके ब्रेकअप को लेकर अमृता सिंह के रिएक्शन के बारे में पूछा गया तो एक्ट्रेस ने ईटाइम्स के साथ बातचीत में कहा, उन्होंने मुझसे बोला- 'सब ठीक है' (इट्स ओके)। सारा अली खान और कार्तिक आर्यन बीते साल एक बार फिर अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में आ गए थे।



# पटना रेलवे स्टेशन पर चला इस एक्ट्रेस का एडल्ट वीडियो इंटरनेशनल लेवल पर पहुंची बात, यूजर्स ने किया यह कमेंट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पूरे देश में इस समय पटना रेलवे स्टेशन चर्चा का विषय बन गया है। इसकी वजह भी खास है। वहां के रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को जो देखने को मिला, उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। दरअसल, ट्रेन के इंतजार में बैठे लोगों को स्क्रीन पर अचानक ही एडल्ट वीडियो देखने को मिला। जैसे ही यह वीडियो चला, स्टेशन पर हल्ला मच गया। यह मामला इतना बढ़ गया कि ट्विटर पर ट्रेंड तक करने लगा। यह इस ट्रेंड का ही कमाल है कि मामला सात समंदर पार भी पहुंच गया है। विदेशी एक्ट्रेस ने इस मामले में ट्वीट किया है। सोशल मीडिया पर छाया पटना रेलवे स्टेशन पटना रेलवे स्टेशन पर कुछ सेकेंड का नहीं, बल्कि पूरे तीन मिनट का एडल्ट वीडियो प्ले हुआ। पटना जंक्शन पर इस अजीबोगरीब घटना की हर ओर निंदा हो रही है। इस मामले में रेलवे की ओर से संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई है।वहीं, एडल्ट स्टार केंड्रा लस्ट भी इस मामले में कूद पड़ी हैं। उन्होंने अपनी फोट के साथ 'इंडिया' लिखते हुए ट्वीट किया। इसी के साथ उन्होंने बिहार रेलवे स्टेशन हैशटैग में इस्तेमाल किया है। उनके पोस्ट पर लोगों ने अलग-अलग तरह के कमेंट किए हैं। कई लोगों ने उनके पोस्ट पर मौज ली है। एक यूजर ने लिखा, ''वो तुम्हारा वीडियो था, क्या तुम्हें पता है?'' इस पर एक्ट्रेस ने रिएक्ट करते हुए जवाब दिया कि मुझे उम्मीद है। एक अन्य ने लिखा, ''मैम क्या तो परफॉर्मेंस थी। मैं कल तक आपके बारे में कुछ नहीं जानता था। लेकिन जब मैं पटना रेलवे स्टेशन पर था, तो आपका वीडियो देखा, और मेरे दोस्त ने आपके बारे में बताया। अब हम आपकी फिल्में हर वक्त देखते हैं।एक यूजर ने लिखा, ''अब तुम्हारे वीडियोज इंडिया में फेमस हो जाएंगे।'' इस पूरे मामले को लेकर फनी मीम्स भी वायरल हो रहे हैं।



# कुड़िए नी तेरी वाइब पर मोनोलिसा ने लचकाई कमर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट वीडियो शेयर की है। इसमें उन्हें हाल ही में रिलीज हुई फिल्म सेल्फी के गाने 'कुड़िए नी तेरी वाइब' पर वीडियो बनाते हुए देखा जा सकता है मोनालिसा की वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इसे 20 घंटे में 15 हजार से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। वहीं, इस पर ढाई सौ से ज्यादा कमेंट किए गए हैं। कई लोगों ने गाने को लेकर उनकी सराहना की है। वहीं, कई लोगों ने उन्हें ट्रोल भी किया है। एक ने लिखा है, 'पीछे सांप है आपके, उसकी वाइब मत ले लेना।' एक ने लिखा है, 'थोड़ा अच्छे से।' एक ने लिखा है, 'सो गुड।' एक ने लिखा है, 'क्या बात है। मोनालिसा भोजपुरी एक्ट्रेस है। उन्होंने भोजपुरी की कई फिल्मों में काम किया है। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है, 'वाइब है, वाइब है।' इसके अलावा उन्होंने इसे कई लोगों को टैग भी किया है। वीडियो में मोनालिसा का ऑल ब्लैक कलर की ड्रेस पहनकर गाने के स्टेप्स मैच करते हुए देखा जा सकता है। ऐसा लग रहा है कि मोनालिसा मुंबई के फिल्म सिटी में शूट कर रही हैं। उन्होंने इससे पहले अपनी एक फोटोशूट की वीडियो शेयर की थी। इसमें उन्हें मुंबई के एक सेंटर के बाहर फोटोशूट कराते हुए देखा जा सकता है। मोनालिसा ने भोजपुरी फिल्मों के अलावा कई हिंदी शोज में भी काम किया है। उन्होंने विक्रांत सिंह से शादी की है। दोनों अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो भी शेयर करते हैं। मोनालिसा बिग बॉस 10 में नजर आई थी। इसके अलावा वह नच बलिए 8, नजर 1 और 2 में भी नजर आ चुकी है। दंगल टीवी के कई शोज में भी नजर आती है। वह अक्सर अपने फैंस से बातचीत भी करती है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
**श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.**
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2018-20
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।**